Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 167 | गुरूवार , 19 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## क्रोएशिया में बोले पीएम मोदी

# 'रणभूमि से नहीं निकल सकता समस्याओं का समाधान'

**जगरेब।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान रणभूमि से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान में मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक योजना बनाई जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने और उनके क्रोएशियाई समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों का शत्रु है। चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध



के मैदानों में नहीं हो सकता और संवाद व कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। उनकी यह टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच आई है। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए क्रोएशिया का आभार भी जताया। मोदी ने कहा कि किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। प्लेंकोविक ने बताया कि बैठक के दौरान कृषि, संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्रों में सहयोग के चार एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए तथा आइसीसीआर व जगरेब विश्वविद्यालय के बीच इंडोलाजी के अध्ययन से संबंधित एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमएमईसी) को क्षेत्रीय संपर्क के लिए एक उत्कृष्ट अवसर बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-क्रोएशिया द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों की समीक्षा की और डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, समुद्री बुनियादी ढांचे, पर्यटन व आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के अवसर तलाशे। दोनों नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ के रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने का भी आह्वान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार सुबह क्रोएशिया पहुंचे।

### प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने पीएम मोदी का स्वागत किया

प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने विशेष सद्भावना दशार्ते हुए हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। प्लेंकोविक ने कहा कि मोदी की यात्रा एक महत्वपूर्ण भू–राजनीतिक क्षण में हुई है। दोनों देश अपने संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए वातावरण बना रहे हैं। इसके बाद मोदी के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इसमें क्रोएशियाई नागरिकों के एक समूह द्वारा गायत्री मंत्र का जाप भी शामिल है।

## देश में कच्चे तेल की नहीं होगी कमी

# ईरान-इजरायल के बीच केंद्रीय मंत्री पुरी ने दिया आश्वासन

**नई दिल्ली।**



केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को आश्वासन दिया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कच्चे तेल की न तो कोई कमी होगी और ईंधन की कीमतों में भी स्थिरता का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री का यह आश्वासन ऐसे समय में आया है जब ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष से संभवतः पूरी दुनिया में मैन्यूफैक्चरिंग वस्तुओं की लागत बढ़ सकती है, क्योंकि ईरान कच्चे तेल के प्रमुख उत्पादकों में से एक है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पिछली कटौती (नवंबर 2021, मई 2022 और मार्च 2024) पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने एक अनुशासित मूल्य निर्धारण दृष्टिकोण बनाए रखा है और आगे कोई बड़ा व्यवधान नहीं दिखता है। इससे पहले सोमवार को पुरी ने कहा था कि अंडमान में एक बड़ा तेल और गैस भंडार मिला है। उन्होंने कहा था कि भारत अपने पारंपरिक जीवाश्म आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहा है। इस बीच समाचार एजेंसी आइएएनएस को एक साक्षात्कार में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सालाना 6.5 प्रतिशत की दर से लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में आठ ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की मौजूदा विकास दर के साथ, हम निकट भविष्य में आठ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विस्तार होता है, यह आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि करता है।

## गुजरात की इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल गिरफ्तार



**सूरत।** गुजरात में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को हनीट्रैप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कीर्ति पटेल को पुलिस ने अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है और उन पर आरोप है कि उन्होंने गुजरात के एक बिल्डर से दो करोड़ रुपये की उगाही की है। पुलिस ने बताया कि इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन फॉलोअर्स वाली कीर्ति पटेल के खिलाफ पिछले साल दो जून को सूरत में मामला दर्ज किया गया था और कुछ समय बाद एक अदालत ने उसके खिलाफ वारंट भी जारी किया था। एक अधिकारी ने बताया कि पटेल पर सूरत में एक बिल्डर को हनीट्रैप करने और फिर उसे ब्लैकमेल करके करोड़ों की मांग करने का आरोप है। चार अन्य लोगों के नाम भी प्राथमिकी में दर्ज हैं और उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## रीडिजाइन होगा भोपाल का बदनाम ब्रिज



**भोपाल।** देशभर में मजाक का विषय बन चुके 90 डिग्री कोण वाले ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की गलती सुधारने की कवायद तेज हो गई है। लोक निर्माण विभाग ने पुल के 90 डिग्री कोण को थोड़ी गोलाई देने के लिए रेलवे से ढाई–तीन फीट जमीन मांगी है। डिजाइन में बदलाव की उम्मीद अब रेलवे से जमीन मिलने पर टिकी रेलवे के इंजीनियरों ने बुधवार को पुल पर पहुंचकर इस प्रस्ताव के अनुसार नापजोख कर जमीन हस्तांतरण की संभावनाएं देखीं। पुल की डिजाइन में बदलाव की उम्मीद अब रेलवे से जमीन मिलने पर टिकी है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने बुधवार देर शाम तक रेलवे को लिखित में कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं भेजा था।

# भारतीय नौसेना में शामिल हुआ युद्धपोत अणार्ला

**विशाखापत्तनम।**

भारत की तटीय रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए नौसेना ने बुधवार को विशाखापत्तनम डॉकयार्ड में भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) आइएनएस अणार्ला को शामिल किया। इस समारोह की अध्यक्षता चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने की। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित आइएनएस अणार्ला तटीय रक्षा को बढ़ाने के लिए



विकसित किए जा रहे एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी की श्रृंखला में पहला है। इस तरह के कुल 16 पनडुब्बी रोधी युद्ध पोतों के निर्माण होने हैं। इसका नाम महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अणार्ला किले के नाम पर रखा गया है। यह युद्धपोत 77 मीटर लंबा है। इसका सकल भार 1490 टन से अधिक है। यह डीजल इंजन-वाटरजेट संयोजन द्वारा संचालित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय नौसैनिक युद्धपोत है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी, खोज और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियान के लिए डिजाइन किया गया है। इसका आदर्श वाक्य अर्णवे शौर्यम या महासागर में वीरता इसके चालक दल के साहस को दशार्ता है। इसका नाम महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अणार्ला किले के नाम पर रखा गया है। यह युद्धपोत 77 मीटर लंबा है। इसका सकल भार 1490 टन से अधिक है।

# दम तोड़ते झरनों को बचाने में जुटी सरकार, 1931 झरने हुए पुनर्जीवित

**नई दिल्ली।**

भारतीय हिमालयी क्षेत्र और अन्य पर्वत श्रंखलाओं के आसपास की करीब 20 करोड़ आबादी झरनों के पानी पर निर्भर है, लेकिन कई दशकों तक झरनों के रखरखाव पर ध्यान ही नहीं दिया गया। इसके परिणामों पर वर्ष 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट ने चेताया कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र के आधे से अधिक बारहमासी झरने सूख चुके हैं या फिर मौसमी हो गए हैं। तब



आयोग की ही सिफारिश पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने स्प्रिंगशेड डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया। 15 राज्यों के 4327 झरनों को चिन्हित कर भू-विज्ञानियों की टीमें लगाई गई, जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार का दावा है कि 1931 झरने पुनर्जीवित हो चुके हैं और बाकी पर काम चल रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में लगभग 50 लाख झरने हैं। इनमें से करीब 30 लाख झरने सिर्फ हिमालयी क्षेत्र में ही हैं। यह बारहमासी झरने ही वहां की आबादी के लिए जल का मुख्य स्त्रोत हैं।

### सीएम मोहन यादव 'खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा' कार्यशाला का करेंगे उद्घाटन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 जून को 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा प्रमुख हैं।

# केंद्र ने पीएमएवाई-शहरी के तहत 2.35 लाख घरों के निर्माण को दी मंजूरी, यूपी-बिहार समेत इन राज्यों में होंगे निर्माण

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत सरकार ने 2.35 लाख नए घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा बुधवार को केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति की तीसरी बैठक के दौरान दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)-शहरी 2.0 के तहत अब तक स्वीकृत घरों की कुल संख्या सात लाख के आंकड़े को पार कर गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना को चार कार्यक्षेत्रों में बांटा गया है। इसे लाभार्थी नेतृत्व में निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास और ब्याज सब्सिडी योजना के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति द्वारा अनुमोदित मकान, योजना के लाभार्थी के नेतृत्व में निर्माण और भागीदारी में किफायती आवास के दायरे में आते हैं।



# ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत 71वें स्थान पर



**नई दिल्ली।**

भारत विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में 71वें स्थान पर रहा है। हालांकि, ऊर्जा दक्षता और निवेश क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वीडन 118 देशों की सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद फिनलैंड, डेनमार्क, नार्वे और स्विट्जरलैंड शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। चीन 12वें, अमेरिका 17वें और पाकिस्तान 101वें स्थान पर है। कांगो सबसे निचले स्थान पर है। हालांकि, भारत पिछले साल सूची 63वें स्थान पर था, लेकिन विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने कहा है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत और चीन ने विशेष रूप से ऊर्जा तक पहुंच बढ़ाने और हरित ऊर्जा की ओर तेजी से बदलाव के मामले में कुल मिलाकर सबसे अधिक सुधार किया है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि शीर्ष पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं चीन, अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और भारत अंततः अपने विशाल आकार के कारण वैश्विक ऊर्जा बदलाव की गति और दिशा निर्धारित करेंगे। इन देशों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद, जनसंख्या और कुल ऊर्जा आपूर्ति में लगभग आधी हिस्सेदारी है। साथ ही, वैश्विक उत्सर्जन में लगभग दो-तिहाई हिस्सा इन्हीं देशों का है। यह उन्हें उनके उपभोग प्रतिरूप, निवेश प्रवाह और नीति विकल्पों के माध्यम से एक बड़ा प्रभाव देता है। पिछले दशक में, भारत ने ऊर्जा और स्वच्छ ईंधन तक अधिक पहुंच के माध्यम से समानता बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

**लिस्ट में नंबर 1 पर है स्वीडन**

# पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में बड़ा कदम




**नई दिल्ली।**

भारत ने वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को स्वदेश में ही डिजाइन एवं विकसित करने की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएमसीए कार्यक्रम के 'कार्यान्वयन मॉडल' को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय के तहत कार्यरत एडीए ने बुधवार को एक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया। इसके अनुसार, ईओआई का उद्देश्य उन भारतीय कंपनियों को शॉर्टलिस्ट करना है जो तकनीकी रूप से एएमसीए के विकास, प्रोटोटाइप निर्माण और उड़ान परीक्षण में समक्ष हैं। आवेदक एकल कंपनी, संयुक्त उद्यम या कंपनियों के संघ के रूप में हो सकता है, जो सभी भारतीय कानूनों और विनियमों का पालन करता हो। दो इंजन वाले एएमसीए को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा उद्योगों की साझेदारी से विकसित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत मई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएमसीए कार्यक्रम के 'कार्यान्वयन मॉडल' को मंजूरी दी थी। वर्तमान में सिर्फ दो देशों अमेरिका (एफ-22 एवं एफ-35) और चीन (जे-20 एवं जे-35) के पास पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ लड़ाकू विमान हैं। भारत इसे विकसित करने वाला तीसरा देश बन जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत मई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएमसीए कार्यक्रम के 'कार्यान्वयन मॉडल' को मंजूरी दी थी। वर्तमान में सिर्फ दो देशों अमेरिका (एफ-22 एवं एफ-35) और चीन (जे-20 एवं जे-35) के पास पांचवीं पीढ़ी के स्टेल्थ लड़ाकू विमान हैं।

## संपादक की कलम से

# युद्ध रोकने की मंशा?

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा है-हमें पता है कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई कहां छिपे हैं? वह आसान टारगेट हैं, लेकिन अभी वहां सुरक्षित हैं, क्योंकि अभी हम उन्हें मारना नहीं चाहते। लगभग यही भाषा इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू भी बोल रहे हैं। दोनों नेताओं के पास पर्याप्त जानकारी है कि ईरान के मजहबी नेता मौजूदा दौर में बेबस और अलोकप्रिय हैं। यदि अमरीका या इजरायल उन्हें निशाना बना कर खत्म करते हैं, तो ईरान में किसी भी तरह का विद्रोह नहीं होगा। ये हालात तब से बने हैं, जब ईरान में एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता माहसा अमीनी को जेल में यातनाएं देकर मार दिया गया था। महिलाएं सडकों पर उतरी थीं। उन्होंने अपने बुर्के जलाए थे। बाल काट-काट कर आग के हवाले कर दिए थे। उन विरोध-प्रदर्शनों के दौरान भी खामेनेई हुकूमत ने 500 से अधिक महिलाओं को मार दिया था। उस सोच के तबके आज भी मजहबी नेता की हुकूमत के खिलाफ हैं। कुछ इस्लामी देशों समेत ईरान में भी, अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के खिलाफ, छिटपुट विरोध-प्रदर्शन किए जा सकते हैं, लेकिन अमरीका और इजरायल के खिलाफ व्यापक विद्रोह सामने नहीं आएंगे। एक तबका तो आज भी ट्रंप और नेतन्याहू को शैतान करार देता है। बहरहाल ईरान में राजनीतिक अस्थिरता, हिंसा और सरकारी संस्थानों के ध्वस्त होने का दौर शुरू हो सकता है, क्योंकि बाहरी शक्ति के हस्तक्षेप और हुकूमत को उखाड़ फेंकने के अभियानों के बाद ऐसा होना स्वाभाविक है। इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन और लीबिया के स्वयंभू शासक एम. गद्दाफी की हत्याओं के बाद अस्थिरता महसूस की गई थी, लेकिन दोनों देश आज भी लोकतंत्र नहीं हैं। तानाशाही और आतंकवाद बदलते रूपों के साथ हुकूमत में हैं। अफगानिस्तान में घोषित आतंकी तालिबान, बिना चुनाव और लोकतांत्रिक जनादेश के, आज हुकूमत में हैं। दिलचस्प यह है कि भारत समेत दुनिया के ज्यादातर देश इस तालिबानी हुकूमत के साथ ही काम कर रहे हैं, लिहाजा तालिबान सरकार को मान्यता दे रहे हैं। अफगानिस्तान में सोवियत संघ और अमरीका दोनों ही महाशक्तियां पराजित हुई हैं। अमरीकी सैनिक तालिबान लड़ाकों के बढ़ते कदमों को रोक नहीं पाए, नतीजतन तत्कालीन राष्ट्रपति बाइडेन को अमरीकी सेनाओं की वापसी का निर्णय घोषित करना पड़ा। बहरहाल अब ईरान के संदर्भ में अमरीका और इजरायल की मंशा क्या है? कैसे थमेगा यह युद्ध? यह युद्ध भी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और सप्लाई चेन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। ईरान की राजधानी तेहरान को तुरंत खाली कर देने के बयान राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू दोनों ने दिए हैं, नतीजतन पलायन और विस्थापन शुरू हो गए हैं। भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने का अभियान भी आरंभ हो चुका है। तेहरान में करीब 98 लाख लोग बसते हैं। शहर छोड? की होड़ मची है। खाड़ी देशों और इजरायल में करीब 1 करोड़ भारतीय व्यापार और नौकरी कर रहे हैं और विद्यार्थी भी हैं। अकेले ईरान में ही 10,765 भारतीय हैं, जिनमें 1500 से अधिक छात्र हैं। वे सभी अस्थिर होंगे। इजरायल-ईरान युद्ध पर महत्वपूर्ण रुख अख्तियार करने का मौका जी-7 समूह के विकसित और संपन्न देशों के पास भी था, लेकिन वे चूक गए और संघर्ष कम करने का ही आह्वान कर सके। उन्होंने इजरायल का पक्ष भी लिया और हमले को आत्मरक्षा का अधिकार करार दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए, बल्कि शिखर सम्मेलन के अधबीच ही वाशिंगटन लौट गए।



ललित शर्मा
संपादक



# भारत की विरासत को करीब से देखने के लिए जरूर घूमें बिहार की ये जगहें, टूरिस्ट की नहीं मिलेगी भीड़

अगर आप भी भारत की विरासत को देखने और जानने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको बिहार जरूर घूमना चाहिए। बिहार की प्राचीन भूमि सिर्फ साम्राज्यों औ? ज्ञानोदय की जन्मस्थली नहीं, बल्कि आपको यहां पर ऐसी चीजें देखने को मिलेंगी, जो सदियों से स्थापित हैं। जब भी भारत में विरासत की बात की जाती है, तो सबसे पहले राजस्थान के किले और दिल्ली के फेमस स्मारकों की चर्चा सबसे ज्यादा होती है। लेकिन इन सबके बीच बिहार लोगों के दिमाग से निकल जाता है। अगर आप भी भारत की विरासत को देखने और जानने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको बिहार जरूर घूमना चाहिए। बिहार की प्राचीन भूमि सिर्फ साम्राज्यों औ? ज्ञानोदय की जन्मस्थली नहीं, बल्कि आपको यहां पर ऐसी चीजें देखने को मिलेंगी, जो सदियों से स्थापित हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिहार के उन विरासत स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में काफी कम लोग जानते हैं।

**तेलहरा:** तेलहरा बिहार में नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड का गांव है। यह प्राचीन भारत में एक बौद्ध मठ का स्थल हुआ करता था, जोकि पहली शताब्दी ईस्वी पूर्व का है। लेकिन इस जगह के बारे में भी बहुत कम लोगों को जानकारी है। भारत के इतिहास से जुड़ी कई चीजों को खोजने के लिए इस स्थान पर खुदाई चल रही है, ऐसे में आप भी यहां पर जा सकते हैं। इसके साथ ही बौद्ध मठ स्थल जाना न भूलें। यहां पर ध्यान कक्ष और प्रार्थना कक्ष में आपको काफी शांति मिलेगी।

**रोहतासगढ़ किला:** रोहतास जिले में एक पहाड़ी की चोटी पर रोहतासगढ़ किला स्थित है। यह किला काफी प्राचीन है, जिस कारण इसको भूतिया भी कहा जाता है। रोहतासगढ़ किले का निर्माण शेरशाह शूरी ने कराया था। यह बेहद विशाल किला है और रहस्यमय चीजों से भरा हुआ है। हालांकि इस किले तक पहुंचने के लिए आपको थोड़ी मेहनत जरूर करनी पड़ेगी। इस किले तक पहुंचने वाली चढ़ाई आपको थका देगी। जिन लोगों को घूमने-फिरने औ? एडवेंचर का शौक है, उनके लिए यह जगह परफेक्ट है। आपको यहां पर अकेले जाने की सलाह नहीं दी जाती है, क्योंकि स्थानीय लोग यहां पर भूत-प्रेत होने का दावा करते हैं।

**केसरिया स्तूप:** बिहार में मौजूद केसरिया स्तूप के बारे में काफी कम लोग जानते हैं। यह स्तूप 10 मंजिला अपार्टमेंट बिल्डिंग से भी ज्यादा ऊंचा है। 104 फीट ऊंचे इस स्तूप को दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध स्तूपों में से एक है। अगर आप भारत के विरासत स्थलों को देखने में दिलचस्पी रखते हैं, तो आपको यहां पर जरूर आना चाहिए। यहां पर आपको भीड़ भी नहीं मिलेगी, लेकिन आपको यहां पर गहरी आध्यात्मिक शांति जरूर मिलेगी, जोकि अन्य फेमस स्थानों पर नहीं मिल सकती है।

**विक्रमशिला:** बता दें कि विक्रमशिला महाविहार भारत का एक फेमस शिक्षा-केंद्र था। यह प्राचीन भारत के शीर्ष बौद्ध विश्वविद्यालयों में से एक था। हालांकि अब यह विश्वविद्यालय सिर्फ एक खंडहर के रूप में दिखाई देता है। वहीं कुछ समय पहले पीएम मोदी ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय के उद्धार की बात की थी। ऐसे में अगर आप प्राचीन बौद्ध विश्वविद्यालय देखने के इच्छुक हैं, तो आप यहां पर आ सकते हैं।

## डॉ. राजीव डोगरा

### जिंदगी तेरा कोई पता नहीं

कविता



जिंदगी तेरा कोई पता नहीं
कब आती हो और
कब चली जाती हो।
लोग सोचते हैं शायद
किसी का कसूर होगा
मगर आती हो तो
हजारो बेकसूरों को भी
अपने साथ ले जाती हो।
कोई तड़फता है
अपनों लिए
कोई रोता है
औरों के लिए
पर तुम छोड़ती नहीं
किसी को भी
अपने साथ ले जाने को।
जब मरता है कोई एक
तो अफसोस-ऐ-आलम
कहते है सब
पर जब मरते है हजारों
तो खौफ-ऐ- कयामत
कहते हैं सब।
तू भी कभी
तड़फती रूहों को
अपने गले लगाए
जरा रोए कर
मरते हुए किसी चेहरें को
खिल-खिला कर
जरा हँसाए कर।
मानता हूँ की खौफ
तेरे रोम-रोम में बसा हैं
फिर भी किसी मरते हुए
इंसा के माथे को चूम
जरा-जरा सा मुस्काया कर।
जिंदगी तेरा कोई पता नहीं
कब आती हो और
कब चली जाती हो।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध पुन: गढ़े जा रहे झूठे विमर्श

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,730 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,870 अमेरिकी डॉलर है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में भारत का उदय कुछ देशों को रास नहीं आ रहा है। विकसित देशों के बीच पूरे विश्व में भारत आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जापान, ब्रिटेन, फ्रांन्स, इटली आदि देशों से आगे निकलते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही लगभग एक वर्ष के बाद जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के आसार भी अब स्पष्टतः दिखाई दे रहे हैं। भारत एक ओर अतिआधुनिक तकनीकि के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एवं डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर वित्तीय क्षेत्र में ऑनलाइन व्यवहारों के मामले में भी भारत आज कई देशों का मार्गदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर भारत आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए विश्व के अन्य देशों पर अपनी निर्भरता को कम करता जा रहा है। भारत के विकास की यह गति एवं राह कुछ देशों को बिलकुल उचित नहीं लग रही है एवं वे वैमनस्य का भाव पालते हुए भारत के विरुद्ध एक बार पुनः कुछ झूठे विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,730 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,870 अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में बांग्लादेश जैसे छोटे देश से भी पीछे है। अतः यह झूठा विमर्श गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है भारत में किस प्रकार का आर्थिक विकास हो रहा है जिससे भारतीय नागरिकों की आय तो उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रही है, जिस तेजी से भारत का आर्थिक विकास होता हुआ दिखाई दे रहा है। आंकड़ों का उचित तरीके से विश्लेषण न करते हुए भारत के संदर्भ में गलत जानकारी देने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी मामले में तुलना दो आमों के बीच ही सम्भव है आम एवं संतरे के बीच तुलना कैसे सम्भव है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या केवल 17 करोड़ से कुछ ही अधिक है। भारत एक विशाल देश है जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आज भी गावों में निवास करती है। भारत में 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। बांग्लादेश, भारत के सामने एक पिद्दी सा देश है। यदि तुलना करनी ही हो तो भारत की तुलना चीन से की जा सकती है। इसी प्रकार, बांग्लादेश की तुलना स्विट्जरलैंड, नीदरलैण्ड, स्वीडन आदि जैसे छोटे देशों से की जा सकती है। स्विट्जरलैंड में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 99,564 अमेरिकी डॉलर; नीदरलैण्ड में 64,572 अमेरिकी डॉलर एवं स्वीडन में 55,516 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति है। ब्रिटेन ने जब भारत में अपनी सत्ता को छोड़ा था अर्थात भारत ने वर्ष 1947 में जब राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी, परंतु आज केवल 4 से 4.5 प्रतिशत भारतीय ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि, बांग्लादेश में लगभग 19 प्रतिशत नागरिक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद का आकार केवल लगभग 46,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। सकल घरेलू उत्पाद को देश की कुल जनसंख्या से बांट कर ही प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े को प्राप्त किया जा सकता है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या मात्र 17 करोड़ है। इससे प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का आंकड़ा बांग्लादेश की तुलना में कुछ कम हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत संतुलित विकास हुआ है। भारत में न केवल धनाडयों की संख्या में अपार वृद्धि दर्ज हुई हे बल्कि गरीबी उन्मूलन पर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया है जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय कमी दर्ज हुई है। बांग्लादेश की तुलना में भारत एक विशाल देश है एवं भारत के कई राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बांग्लादेश की तुलना में दुगने से तिगुने आकार का है। इसी प्रकार, भारत के राज्य अभी भी कुछ पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है, जैसे, बिहार, झारखंड आदि। परंतु किसी भी देश के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत निकालते समय देश के समस्त राज्यों के आंकड़ों को शामिल करना होता है। इस कारण से भी भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत कुछ कम हो जाता है। हाल ही के समय में एक और कुतर्क दिया जा रहा है कि भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के बीच भी बच्चों की जन्म-मृत्यु की दर अफ्रीकी देशों के समान बनी हुई है। इस प्रकार का झूठा विमर्श गढ़ते समय संभवतः वास्तविक स्थिति की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है। रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया की एसआरएस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1,000 शिशुओं के जन्म के बीच शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर केवल 26 है। जबकि अफ्रीकी देशों यथा नाईजीरिया में 67, कांगो में 62 एवं ईथियोपिया में 34 है। इन सभी अफ्रीकी देशों की तुलना में भारत में शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर कम है। अतः भारत अब अफ्रीकी देशों से इस मामले में बहुत आगे निकल आया है। हां, इस संदर्भ में भारत की तुलना यदि विकसित देशों से की जाएगी यथा अमेरिका में 5 एवं जापान में 2, तब जरूर भारत में इस स्थिति को अभी और अधिक सुधारने की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार बहुत तेज गति से किया जा रहा है। जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है। भारत में इस संदर्भ में क्षेत्रीय विषमता भी दिखाई देती है। जैसे, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली जैसे विकसित राज्यों में शिशुओं के जन्म के बीच जन्म-मृत्यु दर 10-15 के बीच ही है, जबकि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं बिहार जैसे राज्यों में यह 40-50 के बीच बनी हुई है। हालांकि धीमे धीमे इन राज्यों में भी तेजी से सुधार दृष्टिगोचर है। देश में संस्थागत प्रसव की दर में सुधार हुआ है, परंतु जननी सुरक्षा, पोषण एवं टीकाकरण के क्षेत्रों में विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में अभी भी प्रयासों को गति दी जा रही है। इसी प्रकार, ग्रामीण इलाकों में अति पिछड़े परिवारों (विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के क्षेत्रो में) के बीच गंदे पानी का उपयोग, कुपोषण, प्रसव के पूर्व की देखभाल में कमी के चलते शिशुओं के जन्म के बीच जन्म-मृत्यु दर को अभी और कम किया जाना शेष है। भारत में हालांकि स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हुआ है, पर कुछ राज्यों पर अभी भी विशेष ध्यान केंद्रित कर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' नीति से स्वास्थ्य सेवाओं को संतुलित किया जा रहा है। एक तीसरा झूठा विमर्श और खड़ा किया जा रहा है कि जब भारत आर्थिक प्रगति के पथ पर तेज गति से दौड़ रहा है तो फिर 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज क्यों उपलब्ध कराया जा रहा है? तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत भारत में केंद्र सरकार द्वारा देश के 80 करोड़ नागरिकों को 5 किलो मुफ्त राशन प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है। दरअसल, भारत में अभी भी गरीबी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुई है।



सरकार का यह परम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में भोजन उपलब्ध करवाए। कोरोना महामारी के खंडकाल में देश के नागरिकों पर आई प्राकृतिक आपदा के चलते करोड़ों की संख्या में नागरिकों ने अपने रोजगार खोए थे तथा इस गम्भीर समय में केंद्र सरकार ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए देश के गरीब नागरिकों को उक्त योजना के अंतर्गत खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रारम्भ किया था, जो आज भी जारी है। दरअसल इसी योजना के चलते भारत में आज लाखों परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम श्रेणी परिवार की श्रेणी में शामिल हो गए हैं एवं देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कोरोना महामारी के खंडकाल में मंहगाई एवं बेरोजगारी के दौर में देश के नागरिकों को आजीविका की गारंटी देना आवश्यक था। जब तक देश के समस्त परिवार आत्मनिर्भर नहीं जो जाते तब तक इसे एक ट्रैंजीशनल सिक्यूरिटी नेट माना जा सकता है। हां, आगे आने वाले 3-5 वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत शामिल नागरिकों की संख्या को कम जरूर किया जाना चाहिए क्योंकि जो परिवार अब गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यम श्रेणी परिवार की श्रेणी में शामिल हो गए है, ऐसे परिवारों को उक्त योजना का लाभ अब बंद किया जाना चाहिए।

**भारत में अभी भी गरीबी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुई है**

# उपकृषि निदेशक और जिला कृषि अधिकारी की टीम ने जनपद में की छापामारी लिए 42 नमूने

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** शासन और डीएम के आदेश पर नवागत उपकृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा और जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जिले भर में कीटनाशक की दुकानों के साथ औद्योगिक इकाईयों पर छापामारी की। दोनों अधिकारियों के छापामारी करने से दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। छापामारी कार्रवाई में 12 नमूने लिए गए। साथ ही औद्योगिक इकाईयों पर अनुदानित यूरिया का इस्तेमाल नहीं मिला। बुधवार को जनपद में कीटनाशक की दुकानों पर छापामारी की गई। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवितया की टीम ने धामपुर व नजीबाबाद तथा उपकृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा की टीम ने चांदपुर और बिजनौर में कीटनाशक दुकानों पर छापामारी की। दोनों अधिकारियों की टीम ने लगभग 42 कीटनाशक की दुकानों छापामारी कर दवाईयों के 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे दिए। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि किसानों को बिल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही किसानों को गुणवत्ता पूर्ण कीटनाकश, बीज और उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाए। वहीं उपकृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा ने दुकानदारों को अभिलेख पूर्ण करने व गुणवत्तापूर्ण दवाई किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कीटनाशक दुकानों के अलावा जिले में औद्योगिक इकाईयों पर भी छापामारी कार्रवाई हुई। नजीबाबाद में तीन, चांदपुर की 1 और बिजनौर की 1 औद्योगिक इकाई पर छापामारी हुई। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने बताया कि औद्योगिक इकाईओं पर टैक्नीकल ग्रेड यूरिया का इस्तेमाल पाया गया तथा अनुदानित यूरिया का इस्तेमाल नहीं पाया गया।

# कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत स्वार के मसवासी, नगपत नगर आदि क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठके आयोजित

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत स्वार के मसवासी, नगपत नगर आदि क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठके आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने पदाधिकारियों को संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों को ब्लाक, जिला व प्रदेश स्तर पर कांग्रेस संगठन को प्रभावशाली और सक्रिय बनाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गो को संगठन से जोड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करने की जरूरत हैं ताकि पार्टी की जड़े जनमानस में और अधिक गहरी हो सकें। पदाधिकारियों को अपने कार्यकताओं को राजनीतिक दृष्टि से प्रशिक्षित करने, नेतृत्व कौशल और संवाद क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। इस मौके पर मुतीउर्रहमान बबलू, साहिर अली खां, अहसान खां, शकील मंसूरी, जरीफ अंसारी, महेश मौर्य, मौ. जाहिद, अनीस, सकलेन मियां, गुलफाम मियां, शमशाद अंसारी, तसलीम अहमद, अरमान अली, जलीस अहमद, फईम मियां, सलीम, अजीम, गौरव गुप्ता, सुभान, उमेश दुबे आदि मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा तनु कुमारी का एमबीबीएस में चयन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नहटौर :** नीट यूजी 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा अनु कुमारी का एमबीबीएस के लिए चयन हो गया है जिस पर उसके परिवार व स्कूल स्टाफ में खुशी की लहर है

अनु कुमारी पुत्री खूब सिंह निवासी ग्राम नरगदी नवादा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है अनु ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 16303 व जनरल कैटेगरी में 6859 रैंक प्राप्त की है। हर वर्ष ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा किसी न किसी क्षेत्र में चयनित होकर अपने परिवार, स्कूल, गांव व जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रामपुर के पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग के जेई, एसडीओ व एक्सईन द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** उप्र इंजीनियर्स एसो. के राष्ट्रीय आहवान पर आजमगढ़ के डीएम द्वारा एक्सईन सिंचाई विभाग के साथ बदसलूकी व जानलेवा हमला किये जाने से क्षुब्ध रामपुर के पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग के जेई, एसडीओ व एक्सईन द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया हैं कि प्रदेश के अभियंताओं द्वारा पूर्णलगन, निष्ठा के साथ विकास कार्यो को संपादित करते हुए प्रदेश की जनता को जनहित के कार्यो का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं लेकिन प्रदेश के जिलाधिकारियों द्वारा अभियंताओं के उत्पीड़न व उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाये जाने की घटनाओं में निरंतर वृद्वि हो रहीं हैं। 13 जून को डीएम आजमगढ़ द्वारा जिले में तैनात सिंचाई विभाग के एक्सईन अरूण सचदेव को अपने आवास पर बुलाकर गाली-गलौच की गई तथा जान से मारने की नियत से डंडे से मारा गया। उक्त घटना से देश, प्रदेश के अभियंताओं में आक्रोश व्याप्त हैं। डीएम को सौंपे ज्ञापन में आजमगढ़ के डीएम को भारतीय सेवा से बर्खास्त किये जाने, डीएम आजमगढ़ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराते हुए विधिक कार्यवाही किये जाने, आजमगढ़ के वर्तमान जिलाधिकारी इससे पहले जहां-जहां कार्यरत रहे हैं वहां इनकी अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति इनके व्यवहार एवं आचरण की एक उच्च स्तरीय समिति गठित करके तथ्यात्मक जांच कराये जाने की मांग की गई हैं। इस मौके पर गौरव सिंह, कृष्णवीर सिंह, नवीन कुमार सिंह, विकास, कविता, अब्दुल सत्तार, हर्षित जैन, मनोहर प्रसाद, गुरमीत सिंह, यतेन्द्र मोहन आदि मौजूद थे।

# रामपुर जिला अस्पताल में कोई भी गरीब बिना दलालों की मदद से अपना उपचार करा सकता हैं सीएमएस डा. डीके

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रामपुर के जिला अस्पताल में सीएमएस डा. डीके वर्मा की सख्ती के चलते दलालों का प्रवेश वर्जित हो गया हैं जिस कारण जिला अस्पताल में दलाली करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

रामपुर का जिला अस्पताल यूं तो खूबसूरती की वजह से रामपुर का ताज महल कहा जाता हैं लेकिन उसमें उतनी ही अव्यवस्थाएं और दलालों का राज था जिस कारण गरीब मरीजों को सही प्रकार से उपचार नहीं मिल पाता था। पिछले दो महीनों से रामपुर के जिला अस्पताल की तकदीर और तस्वीर बदल चुकी हैं। अब जिला अस्पताल में कोई भी गरीब बिना दलालों की मदद से अपना उपचार करा सकता हैं इसका पूरा श्रैर्य नवनियुक्त सीएमएस डा. डीके वर्मा को ही जाता हैं। उन्होने जिला अस्पताल के उन क्षेत्रों में भी खुफिया कैमरे लगवा दिये जहां खुराफाती तत्व सक्रिय होकर दलाली को अंजाम देते थे। सीएमएस हर रोज सुबह, दोपहर व शाम के अलावा देर रात को जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर निकल जाते हैं जिसकी वजह से अस्पताल का स्टाफ को सचेत रहता ही हैं वहीं दलाल भी जिला अस्पताल के आसपास नहीं फटकते हैं।

# दो पहिया वाहन चलाएं, तो हेलमेट जरूर लगाएं: हरीश



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** यदि आप दो पहिया वाहन चला रहे हैं, तो आपके लिए यह ध्यान देने की बात है कि आपके पास हेलमेट अवश्य हो। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के लिए यह संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि हेलमेट सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं है, बल्कि जिंदगी और परिवार की खुशियों को भी सुरक्षित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को राम विहार कार्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यालय के सभी सफाई कर्मियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब कोई भी कर्मचारी बिना हेलमेट के कार्यालय न आएं। हम चाहते हैं कि हमारे कर्मचारी और कार्यकर्ता सुरक्षित रहें। हेलमेट पहनना केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक है। इसलिए, सभी दो पहिया वाहन चालकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वो जब भी कार्यालय आएंगे, तो हेलमेट जरूर लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और हेलमेट न पहनना केवल नियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि स्वयं के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने दिया धरना

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** ब्लाक क्षेत्र के गांव भैंसा की थाना शिवालाकला सम्बंधित कुछ शिकायतों को लेकर ब्लाक अध्यक्ष उत्तम कुमार के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) का थाना शिवालाकला पर धरना दिया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव भैंसा से संबंधित कुछ शिकायतों को लेकर थाना शिवाला कला पर धरना दिया गया। और सभी किसान साथियों ने शान्ति पूर्वक अपने अपने विचार रखे। कुछ समय बाद थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह धरने पर किसानों के बीच पहुंचे और समस्याओं को गंभीरता से सुना और समझा उसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकार चांदपुर देश दीपक सिंह से ब्लाक अध्यक्ष उत्तम कुमार की वार्ता कराई और मांगे मानी गई। पुलिस क्षेत्राधिकार चांदपुर देश दीपक सिंह व शिवाला कला थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। धरने पर ब्लाक अध्यक्ष उत्तम कुमार, ललित कुमार, राकेश कुमार, शेर सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

# योग दिवस 2025 योग सप्ताह के रूप में किया शुरू

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना ।** इंटर कॉलेज के स्काउट मास्टर शहजाद अहमद के द्वारा एन एस एस सेवक/सेविकाएं तथा स्कॉट के गाइड एवं शिक्षकों ने योग दिवस में प्रतिभाग किया। एमएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर के निर्देशन में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 योग सप्ताह के रूप में इकाई एम.एम. इंटर कॉलेज नगीना परिसर में शहजाद अहमद के द्वारा एन एस एस सेवक/सेविकाएं तथा स्कॉट के गाइड एवं शिक्षकों ने योग दिवस में प्रतिभाग किया सर्वप्रथम प्रधानाचार्य और शहजाद अहमद ने बच्चों को योगासन सिखाया इसके साथ-साथ योग दिवस के विषय में प्रधानाचार्य कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम शहजाद अहमद ने योग एवं स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी इस कार्यक्रम में बृजमोहन सिंह, वरिष्ठ बाबू उरूज अरशद, बालेश्वर, जावेद अहमद, पवन, दिलीप, आरती, पूनम आदि समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दूसरे दिन योगाचार्य डॉ श्रीराम चौहान ने स्वयंसेवकों को विभिन्न आसनों का प्रशिक्षण दिया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

धामपुर : आरएसएम कॉलेज धामपुर, बिजनौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दूसरे दिन योगाचार्य डॉ श्रीराम चौहान ने स्वयंसेवकों को विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। जिनमें प्रमुख नाड़ी शोधन (अनुलोम विलोम), भस्त्रिका, कपालभाति, भ्रामरी, उज्जायी, सूर्यभेदन, सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, शवासन, वृक्षासन, ताड़ासन शामिल थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आसनों के महत्व और उनके लाभों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। डॉ श्रीराम चौहान ने बताया कि इन आसनों के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बताया कि प्रशिक्षण में उन्हें विभिन्न आसनों के बारे में जानने का अवसर मिला और उन्होंने अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार महसूस किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। डॉ रवि धनकड़ और डॉ सुमेधा चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो रश्मि शर्मा रावल ने कार्यक्रम के आयोजन की सफलता के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की टीम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ मदनपाल, डॉ राधारानी, सुभाष देवरा, सुंदर बिष्ट, कैलाश, पवन कुमार, ललतेश यादव, यशपाल आदि मौजूद रहे।



# भाजपा की नूरपुर मंडल कार्य समिति घोषित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी की संस्कृति पर जनपद में मंडल कार्य कमेटी घोषित की गई नूरपुर नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के निर्देशन में नूरपुर मंडल की टीम मे नोट को मंडल उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह रवि, गजेंद्र सैनी, प्रदीप चौधरी जीतू भुइयार, प्रेमोहन सिंह, गुरवेंदर सिंह, महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, राजेश चौहान, सुरेंद्र पाल सिंह, सतीश कुमार, सरौता सिसोदिया, कोषाध्यक्ष भावना जोशी मनोनीत किया गया। साथ ही आशा व्यक्त की कि यह पार्टी के लिए ईमानदारी और कर्मठता से कार्य कर पार्टी के कनाधार को आगे बढ़बढ़ाने काम करेंगे।

# कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन में पहुँचे सांसद व जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मा० मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन वृन्दावन में निवासरत माताओं की सुविधा हेतु 12 कूलर, 4 सोलर इन्वर्टर, 1 डीप फ्रीजर तथा 1 गोल्फ कार्ट मा० सांसद श्रीमती हेमा मालिनी जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि वृद्ध माताओं की बहुत लंबे समय से मांग थी कि मंदिरों के दर्शन हेतु कोई वाहन की व्यवस्था हो जाए। जिसके दृष्टिगत इण्डियन ओवरसीज बैंक के सीएसआर फंड के माध्यम से एक गोल्फकार्ट माताओं की सुविधाओं हेतु प्रदान किया गया है। इंडियन ओरवसीज बैंक की प्रबंधक चंचल पालिया द्वारा एक गोल्फकार्ट कृष्ण कुटीर वृन्दावन में दी गई है, जिसकी लगभग लागत रुपए 11 लाख है। मा० सांसद जी ने कहा कि कृष्ण कुटीर को 2018 से जानती हूँ। यह वृद्ध माताओं के लिए बनाया गया है। मैं आज बहुत खुश हूँ यहां पुनः आकर इस बिल्डिंग में करीब 387 वृद्ध महिला रहती है। वृद्ध माताओं को देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और उन्हें भी मुझे देखकर काफी अच्छा लगा है। इंडियन ओवरसीज बैंक की तरफ से महिलाओं के लिए गोल्फ कार्ट दी गई है, जिसमें बैठकर वह अपने भगवान के दर्शन करने के लिए जा सकती है। मैं धर्मेंद्र जी से कहूंगी कि वह भी यहां आए। हमारे मा0 मुख्यमंत्री जी और मा0 प्रधानमंत्री जी ने भी वृद्ध महिलाओं के लिए बहुत अच्छे कार्य किए हैं। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र को निर्देश दिए कि दिनांक 19 जून 2025 को कृष्ण कुटीर परिसर में पेंशन कैंप लगाएं और छूटी हुई माताओं के फार्म भरवा कर पेंशन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने वृद्ध माताओं से कहा कि आपके दो बेटे हैं, देश के मा0 प्रधानमंत्री जी और प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी। वे आप लोगों का ध्यान रख रहे हैं और अन्य स्त्रोतों से आप लोगों की समस्याओं की जानकारी लेते रहते हैं। मा0 सांसद जी और हम लोग आपके बीच में आए हैं। आप लोगों से मिलकर बहुत अच्छा लगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कुटीर का उद्घाटन मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने वर्ष 2018 में किया था, मा0 मुख्यमंत्री जी का आदेश है कि इस कुटीर में रहने वाली माताओं और बहनों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। वृंदावन में दर्शन करने के लिए जो माताएं जाती है, उनके लिए 16 सीटर गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। पूरे कुटीर सदन में इनवर्टर लगाकर विद्युत व्यवस्था की जा रही है, गर्मी से बचाव के लिए 12 कूलर दिए गए हैं और भी जो जरूरत की चीज होगी वह भी दी जाएगी। आप हमारी माता और बहनें हैं, आपको किसी प्रकार का कष्ट नहीं होने देंगे।

# भीषण विमान हादसे में मरे लोगों व केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर क्रैश में मरे श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। महाकाल भक्त मंडल के तत्वदान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मरे लोगों और उत्तराखंड के केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर क्रैश में मरे श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मंगलवार की शाम को महाकाल भक्त मंडल के सदस्य नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने एक शोक सभा का आयोजन किया शोक सभा में गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मरे लोगों और उत्तराखंड के केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर क्रैश में मरे श्रद्धालुओं की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और ईश्वर से यह भी प्रार्थना की गई कि भगवान के परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोकसभा में पंडित भोला शंकर शास्त्री, सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, चित्रांश बिश्नोई, आयुष्मान चंद्रा, तरुण प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, पंकज शर्मा, रंजन राजपूत, कुलदीप बिश्नोई, ऋषभ, प्रदीप, आशुतोष, मयंक, प्रिंस, कमल, रुद्राक्ष, आदित्य, आकाश भटनागर, अमित चौहान, सागर कुमार आदि रहे।

# बर्ड फ्लू की अफवाह से क्षेत्र के लोग सहमे:मुर्गा मांस की बिक्री मे गिरावट



असदुल्लाह सिद्दीकी

भारतभारी/सिद्धार्थनगर। जिले के भारत भारी क्षेत्र में बर्ड फ्लू को लेकर फैली अफवाहों का असर मुर्गा मांस की बिक्री पर देखा जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों के मुताबिक उनकी बिक्री में 70 से 80 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

पशु चिकित्साधिकारी हरेंद्र चौरसिया ने बताया कि क्षेत्र में बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं है। गोरखपुर में बर्ड फ्लू के केस मिलने के बाद एहतियातन यहां पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई गई थी। स्थानीय प्रशासन ने जांच कराई। सभी नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। पशु चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सिद्धार्थनगर जिला पूरी तरह से सुरक्षित है। प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। विभाग पोल्ट्री फार्मों की लगातार निगरानी कर रहा है। किसी भी असामान्य स्थिति पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। गोरखपुर में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद सिद्धार्थनगर जिले के भारत भारी क्षेत्र के लोगों में डर है। इसी वजह से मुर्गा मांस की खरीद कम हो गई है। इससे मुर्गा मांस विक्रेताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# गढ़ी दौलत और गढ़ी श्याम को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत और गढ़ी श्याम को राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में एलएमसी की बैठक आयोजित की गई बैठक में 14 सदस्यों ने भाग लेकर प्रस्ताव पास किया इस दौरान दर्जनों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरा गढ़ी दौलत और गढ़ी श्याम को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए ग्रामवासी मांग कर रहे हैं। बीते दिनों गंगेरू प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों के साथ अधिकारियों ने खुली बैठक आयोजित कर प्रस्ताव मांगा था। ग्रामीणों ने खुली बैठक में दोनों गांव को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए खुली बैठक में अपना प्रस्ताव दिया था। खुली बैठक होने के बाद बुधवार को गंगेरू ग्राम पंचायत कार्यालय के प्रांगण में ग्राम प्रधान सय्यारा जंग एवं प्रधान पति राशिद जंग की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया, ग्राम पंचायत के 15 सदस्यों में से 14 सदस्यों ने पहुंचकर दोनों गांव को अलग राज्स्व ग्राम घोषित करने का प्रस्ताव पास किया। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा जानकारी देकर बताया कि खुली बैठक के बाद एलएमसी की बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी ने एकमत होकर प्रस्ताव पर मोहर लगाई जल्दी शासन के समक्ष रिपोर्ट पेश की जाएगी और दोनों गांव को अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाया जाएगा। इस दौरान बैठक में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीडीओ ने बढ़नी ब्लॉक का किया निरीक्षण:मनरेगा सेल की हालत देख जाहिर की कड़ी नाराजगी



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने मंगलवार को बढ़नी ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा, एनआरएलएम, बाल विकास और पंचायत कार्यालयों का जायजा लिया। मनरेगा सेल की खिड़की-दरवाजों की खराब स्थिति देख उन्होंने तत्काल मरम्मत के आदेश दिए। कर्मचारियों को नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए गए। फाइलों का उचित रखरखाव और रिकॉर्ड संधारण भी सुनिश्चित करने को कहा। सीडीओ बलराम सिंह ने बताया कि जिले के 14 ब्लॉकों में निरीक्षण किया जाना है। अब तक 5 ब्लॉकों का निरीक्षण पूरा हो चुका है। पंचायत भवनों में लगे ताले और बंद पड़े सामुदायिक शौचालयों पर नाराजगी जताई। सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मनरेगा में श्रमिकों की संख्या में पाई गई अनियमितताओं को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हल्की बारिश ने खोली जल निकासी की पोल, सड़कों पर भरा पानी

संजीव कुमार गुप्ता

**इटवा/ सिद्धार्थनगर।** नगरपंचायत इटवा मे मंगलवार की रात हुई हल्की बारिश ने नगर पंचायत इटवा के जल निकासी की पोल खोल दी है। इटवा कस्बे के बढ़नी मार्ग से तहसील भवन की बाउंड्री से होते हुए बिस्कोहर मार्ग को जोड़ रहा यह मार्ग अव्यवस्थाओं का शिकार है।

मामूली बारिश से होने वाले जलभराव व घरों के पानी की निकासी न होने से इस रास्ते से होकर आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

ऐसा तब है जब कस्बे में जाम की स्थिति में बिस्कोहर मार्ग से बढ़नी अथवा बढ़नी से बिस्कोहर मार्ग पर आने-जाने वाले छोटे वाहनों का एक मात्र वैकल्पिक मार्ग है। कस्बे के जयप्रकाश अग्रहरि कहते हैं कि नगर पंचायत बनने के बाद विकास कार्यों में कोई तेजी नहीं दिखाई दे रही है। व्यापार मंडल इटवा के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने ईओ से कस्बे में आवागमन बनाए रखने हेतु रास्तों व जल निकासी की व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की है।

# अवैध अस्पताल की कार्वाई मे सीएमओ ने सिटी लाइफ हॉस्पिटल को जारी किया नोटिस

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी/ तिलौली।** सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया और मिठवल सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बुधवार को तिलौली बाजार स्थित सिटी लाइफ हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान काफी खामी पाए जाने पर प्रबंधक डॉ. अरशद को नोटिस निर्गत किया। साथ ही चेतावनी दी गई कि जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

बुधवार को सिटी लाइफ हॉस्पिटल पहुंची अधिकारियों की टीम ने अस्पताल का गहनता से निरीक्षण किया। अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति में भी मरीज भर्ती मिले। प्रबंधक से पूछने पर स्पष्ट जवाब नहीं मिला। अस्पताल में बायोमेडिकल का प्रबंधन भी नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। इन तमाम कमियों को देखते हुए सीएमओ ने नोटिस देते हुए कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अस्पताल का पंजीकरण निरस्त किया जाएगा। वहीं निरीक्षण के दौरान प्रमोद संत मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता, अधीक्षक डॉ0 राजीव रंजन, राधेश्याम बीसीपीएम, कुशल टंडन बीपीएम, महेश कुमार वरिष्ठ सहायक भी मौजूद रहे।

# हत्यारे के आगे मुझे मत मारो करके रोती बिलखी होगी मासूम, ननिहाल घूमने गई मासूम आठ वर्षीय संध्या गुप्ता की बेरहमी से हत्या

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**फिरोजाबाद/हाथरस।** थाना नारखी क्षेत्र के ग्राम बछगांव में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस गाँव में एक आठ साल की बच्ची अपनी नांनी के घर आई थी। करीब 15 दिन से वह यंही रह रही थी। 8 वर्षीय बच्ची संध्या गुप्ता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के ही एक संदिग्ध युवक के घर से बोरे में बंद हालत में बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गाँव महौ निवासी बिष्णु गुप्ता की बेटी संध्या गुप्ता अपनी नानी गुड्डी देवी के यहां ग्राम बछगांव में आई थी। वह सोमवार शाम को खेलते समय अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने यह भी बताया कि पडौसी युवक ने उस बच्ची से चाऊमिन मंगाई थी। उस दौरान से लापता हो गई। परिजनों द्वारा काफी तलाशने के बाद भी जब संध्या नहीं मिली, तो पुलिस को सूचना दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी फिरोजाबाद ने सीओ टूंडला के नेतृत्व में तीन थानों की टीम गठित की गई। पुलिस ने संदिग्ध होने पर दो युवकों को हिरासत में लिया। तथा एक तरफ सीओ टूंडला ने गाँव में पंहुचकर करीब चार घंटे तक सदिग्ध घरों, खेत खलिहान आदि जगहों पर तलाशी की गई। लेकिन पुलिस ने गांव के ही युवक कौशल कुशवाहा पुत्र अर्जुन सिंह के मकान की तलाशी ली, जहां एक बोरे में बंद बच्ची का शव बरामद हुआ। शव के ऊपर ईंटें रखी गई थीं, जिससे हत्या की क्रूरता स्पष्ट हो रही थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी कौशल कुशवाहा को हिरासत में ले लिया है। साथ ही साक्ष्य छुपाने के संदेह में उसके भाई व माता-पिता को भी हिरासत में लिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित खुद मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की निगरानी की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जांच हर पहलू से की जा रही है। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि मानवता को भी शर्मसार करने वाली है।

# अस्तित्व को स्वीकारे

खुद को बढ़ती उम्र के साथ स्वीकारना एक तनावमुक्त जीवन देता है। हर उम्र एक अलग तरह की खूबसूरती लेकर आती है उसका आनंद लीजिये, वजन कम रखना है तो रखिये, बाल रंगने हैं तो रंगिये, मनचाहे कपड़े पहनने हैं तो पहनिए, बच्चों की तरह खिलखिलाइये, अच्छा सोचिये, अच्छा माहौल रखिये, शीशे में दिखते हुए अपने अस्तित्व को स्वीकारिये।

कोई भी क्रीम आपको गोरा नही बनाती, कोई शैम्पू बाल झड़ने नही रोकता, कोई तेल बाल नही उगाता, कोई साबुन आपको बच्चों जैसी स्किन नही देता। चाहे वो ढठॠ हो या पतंजलि..... सब सामान बेचने के लिए झूठ बोलते हैं। ये सब कुदरती होता है। उम्र बढ़ने पर त्वचा से लेकर बॉलों तक मे बदलाव आता है। पुरानी मशीन को ट्रल्ल३ल्ल करके बढ़िया चला तो सकते हैं, पर उसे नई नही कर सकते। ना किसी टूथपेस्ट में नमक होता है ना किसी मे नीम। किसी क्रीम में केसर नही होती, क्योंकि 2 ग्राम केसर भी 500 रुपए से कम की नही होती ! कोई बात नही अगर आपकी नाक मोटी है तो, कोई बात नही आपकी आंखें छोटी हैं तो, कोई बात नही अगर आप गोरे नही हैं या आपके होंठों की रँस्री स्री१ाी३ नही हैं, कोई बात नही अगर आप गोरे नही हैं या आपके होंठों की रँस्री स्री१ाी३ नहीं हैं, फिर भी हम सुंदर हैं, अपनी सुंदरता को पहचानिए। दूसरों से कमेंट या वाह वाही लूटने के लिए सुंदर दिखने से ज्यादा जरूरी है, अपनी सुंदरता को महसूस करना। हर बच्चा सुंदर इसलिये दिखता है कि वो छल कपट से परे मासूम होता है और बडे होने पर जब हम छल व कपट से जीवन जीने लगते हैं तो वो मासूमियत खो देते हैं और उस सुंदरता को पैसे खर्च करके खरीदने का प्रयास करते हैं। मन की खूबसूरती पर ध्यान दो। पेट निकल गया तो कोई बात नही उसके लिए शमार्ना जरूरी नही। आपका शरीर आपकी उम्र के साथ बदलता है तो वजन भी उसी हिसाब से घटता बढ़ता है उसे समझिये।



सपना गुप्ता

सारा इंटरनेट और सोशल मीडिया तरह तरह के उपदेशों से भरा रहता है, यह खाओ, वो मत खाओ ठंडा खाओ, गर्म पीओ, कपाल भाती करो, सवेरे नीम्बू पीओ, रात को दूध पियो, जोर से सांस लो, लंबी सांस लो दाहिने से सोइये, बाये से उठिए, हरी सब्जी खाओ, दाल में प्रोटीन है, दाल से क्रिएटिनिन बढ़ जायेगा। अगर पूरे एक दिन सारे उपदेशों को पढ़ने लगें तो पता चलेगा ये ज़िन्दगी बेकार है ना कुछ खाने को बचेगा ना कुछ जीने को !! आप डिप्रेस्ड हो जायेंगे। ये सारा ऑर्गेनिक, एलोवेरा, करेला, मेथी, पतंजलि में फंसकर दिमाग का दही हो जाता है। स्वस्थ होना तो दूर स्ट्रेस हो जाता है। अरे ! मरने के लिये जन्म लेते हैं, कभी ना कभी तो मरना है अभी तक बाजार में अमृत बिकना शुरू नही हुआ। हर चीज सही मात्रा में खाइये, हर वो चीज थोड़ी थोड़ी जो आपको अच्छी लगती है। भोजन का संबंध मन से होता है और मन अच्छे भोजन से ही खुश रहता है.. मन को मारकर खुश नही रहा जा सकता। थोड़ा बहुत शारीरिक कार्य करते रहिए, टहलने जाइये, लाइट कसरत करिये, व्यस्त रहिये, खुश रहिये, शरीर से ज्यादा मन को सुंदर रखिये.....

# मथुरा पुलिस को मिलीं 13 नई स्कॉर्पियो

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिले में होने वाले हादसे और वारदातों पर समय से पहुंचने और पीड़ितों की मदद के लिए शासन ने पुलिस को 13 नई स्कॉर्पियो दी है। मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों ने डायल 122 के बेड़े में शामिल में हुई स्कार्पियो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को शासन से मिली 13 नई स्कार्पियो को डायल 112 के नोडल अधिकारी एसपी देहात सुरेश चंद रावत, एसपी क्राइम अवनीश कुमार, एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव, यूपी डायल 112 के प्रभारी पहलवान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नोडल अधिकारी एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि पूर्व में 90 पीआरवी की गाड़ी संचालित हो रही थी। इसमें 63 चौपहिया तथा 27 दोपहिया पीआरपी वाहन शामिल हैं। शासन से 13 नई स्कॉर्पियो मिलने से डायल 112 में पीआरवी की वाहनों की संख्या 103 हो गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सूचना मिलने के लगभग 6.30 में पीआरवी की गाड़ी पहुंच जाती है। बेड़े में 13 स्कॉर्पियो शामिल होने से अब 6 मिनट में पीड़ितों की मदद के लिए पीआरवी की गाड़ी पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी पहुंचने यह समय और घटाया जाएगा। इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि शासन से मिली नई स्कॉर्पियो गाड़ियां जीपीएस, कैमरे, एमडीटी मोबाइल फोन, घटनास्थल सुरक्षित किए जाने हेतु प्राथमिक फॉरेंसिक उपकरणों से लैस हैं।

# ब्रज के प्रमुख संतों, विद्वानों व धमार्चार्यों ने किया गोरखनाथ मन्दिर के मुख्य कथा व्यास पं. बालक दास महाराज का सम्मान

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित फोगला आश्रम में चल रही सप्त-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में व्यास पीठ पर आसीन प्रख्यात भागवताचार्य पं. बालक दास महाराज (मुख्य कथा व्यास, गोरखनाथ मन्दिर, गोरखपुर) का ब्रज के प्रमुख संतों, विद्वानों व धमार्चार्यों ने सम्मान किया।उन्हें यह सम्मान धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए संत प्रवर महंत रामदास महाराज, ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख पैरोकार दिनेश शर्मा फलाहारी आदि ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला



आदि भेंट करके किया।इस अवसर पर महंत रामदास महाराज व ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भागवताचार्य पं. बालक दास महाराज की देश,समाज व अध्यात्म जगत के लिए अनेकों देनें हैं।उनका व्यतित्व व कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा व ऊर्जा का श्रोत है।क्योंकि वे प्रत्येक क्षण धर्म, अध्यात्म व समाजसेवा के क्षेत्र में पूरे उत्साह व समर्पण के साथ तत्पर रहते हैं। पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख पैरोकार दिनेश शर्मा फलाहारी ने कहा कि भागवताचार्य पं. बालक दास महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण, श्रीमद्रामायण, शिव महापुराण एवं श्रीमद्देवीभागवत आदि धर्म ग्रंथों के माध्यम से देश-विदेश के असंख्य व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़ने का कार्य जो अभूतपूर्व कार्य किया है, वो अति प्रशंसनीय है। इससे पूर्व पं. बालक दास महाराज ने व्यासपीठ से समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सुदामा चरित्र, चौबीस गुरुओं, यदुकुल का अंत, परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई।इस अवसर पर साध्वी राधानंद गिरि, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत, सी.पी. यादव, हनुमान पाण्डेय, सच्चिदानंद दुबे, श्रीप्रकाश राय, पण्डित आदर्श मिश्रा, आचार्य राधा प्रेमी, राजन त्रिपाठी, गिरिराज सिंह (जिला मंत्री, भाजपा) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने पंचायत निधि से 80 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** गोवर्धन ब्लॉक के गांव पैंठा 80 लाख रुपए की लागत से कई कार्य कराए जाएंगे, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मंगलवार को पैंठा गांव में विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया, इस मौके पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का गांव में ढोल नगाड़ों व पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने पंचायत निधि से 80 लाख की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण नारियल फोड़ कर किया, कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है, यह सिर्फ पैंठा नहीं, संकल्प की धरती है, आज कराये जा रहे कार्य शिलान्यास आने वाले समृद्ध भारत की नींव है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस नए भारत



की कल्पना कर रहे हैं वह सिर्फ संकल्प नहीं, सच्चाई बन रहा है, वेदपाल प्रधान, देवेंद्र प्रधान, जिलाध्यक्ष, प्रधान संगठन, आर0 के0 पांडेय, कृष्णा कुंतल, प्रदीप, अनिल, होलू प्रधान, बृजमोहन प्रधान, दाऊजी प्रधान, मुरारी कीर्तनिया, रमेश्वरम शर्मा, विनोद शर्मा, संतोष मास्टर सहित जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे।

# घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद में एक सप्ताह पूर्व मकान पर रंग पुताई करते समय छत से गिरकर घायल हुए युवक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी नईम का 18 वर्षीय पुत्र फहीम मोहल्ले के एक मकान में रंग पुताई का कार्य कर रहा था। गत दिवस 11 जून को मकान पर रंग पुताई का कार्य करते समय युवक मकान की छत से गिर गया था और गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज में सुधार नहीं होने के कारण



परिजन दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार करने के लिए ले गए थे और भर्ती करा दिया था। मंगलवार की देर रात दिल्ली के अस्पताल में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। मृतक युवक के पिता ने कई लोगों पर जानबूझकर छत से धक्का देकर गिरने का आरोप लगाया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने विकास खंड धौलाना के सभागार में सनी धौलाना के ग्राम प्रधानों की सुनी समस्याएं



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा धौलाना ब्लॉक के सभागार में धौलाना ग्राम प्रधानों की शिकायतों को सुना गया। जिलाधिकारी को ग्राम सपनावत, आजमपुर, परतापुर एवं निधावली के प्रधानों द्वारा गांव की अनेक समस्याओं जैसे पानी की टंकी का अधूरा निर्माण, बिजली के खंभों, जर्जर भवनों, नाली, सी सी रोड के कार्यो इत्यादि समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी धौलाना को आजमपुर गांव में झज्जर भवनों की जांच करते हुए उनको दुरुस्त कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को गांव में चल रहे निर्माण कार्य की कार्य प्रणाली बनाने तथा एक सप्ताह के अंदर निर्माण का रोस्टर रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में जो भी निर्माण कार्य चल रहे थे तथा जो अधूरे कार्य रह रहे हैं उनको जल्द से जल्द पूरा कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की जनसुनवाई में ग्राम प्रधानों द्वारा जो भी शिकायतें दी गई है उनमें जांच करते हुए गुणवत्तापरख निस्तारण एवं कार्य को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील धौलाना का भी निरीक्षण किया गया।

# एक पर मारपीट दूसरे पर अश्लील हरकत करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों पर रुपयो के लेन देन को लेकर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी शब्बीर पुत्र इदरीश थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित दोनों नहरो के बीच स्थित जश्न फार्म में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। आरोग्य की इसी बीच हाशिम व कासिम पुत्रगण लियाकत निवासी कैराना ने रूपयों के लेनदेन को लेकर पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो दोनों लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी और कस्बे के गंगेरू रोड निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित ट्रैक्टर ट्राली पर मजदूरी करता है और पीड़ित के घर पर पीड़ित का 13 वर्षीय पुत्र अकेला रहता है, जबकि पीड़ित की पत्नी अपने मायके गई हुई है। आरोप है कि पड़ोस का ही एक युवक पीड़ित के पुत्र के साथ अश्लील हरकत करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मारपीट और अश्लील हरकत करने के मामलों की तहरीर मिली है।

दोनों मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# केएम अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर अंतिम चरण में, अब तक हजारों मरीजों ने उठाया लाभ

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पिछले दो महीनों से चल रहा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर अब अपने अंतिम चरण में है। अस्पताल प्रबंधन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अंतिम सप्ताह में शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। अस्पताल के चेयरमैन, केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर मथुरा के नागरिकों को सस्ता, सुलभ और उत्तम इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं पूर्णतः निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। शिविर में जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति, नाक-



कान-गला, चर्म रोग, नेत्र, टीबी-चेस्ट, दंत, न्यूरो और यूरोलॉजी विभागों की सेवाएं उपलब्ध हैं। परामर्श के साथ-साथ मरीजों के लिए एक्स-रे, खून की जांच, छोटे-बड़े ऑपरेशन तथा भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए भोजन तक निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। किशन चौधरी ने बताया कि सामान्य दिनों में अस्पताल में परामर्श व ऑपरेशन पहले से ही निशुल्क होते हैं, लेकिन इस शिविर के दौरान दवाइयां भी मुफ्त दी जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिली है। प्रबंधन के अनुसार, हर दिन सैकड़ों मरीज इस शिविर का लाभ ले रहे हैं और बेहतर इलाज पाकर स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम मरीजों की समुचित देखभाल कर रही है। यह शिविर न केवल एक चिकित्सा सेवा की पहल है, बल्कि मथुरा के नागरिकों के लिए एक संजीवनी अभियान बन चुका है।

# मामूली विवाद में युवक के सर में ईंट मारकर फोड़ा

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के मौहल्ला खेल में मामूली विवाद को लेकर युवक पर ईट से हमला कर उंगलियों को दांतों से चबाकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला खेल निवासी सलीम ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि उसका पुत्र जावेद अपने घर जा रहा था है। रास्ते मे पड़ोस के ही युवक ने मामूली विवाद को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। युवक जावेद ने आरोपी युवक की अभद्रता का विरोध किया तो आरोपी ने जावेद के सर में ईट मार कर युवक की दांतों से उंगली चबाते हुए घायल कर दिया। युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जिसके चलते आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौका से फरार हो गया। परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पीड़ित पिता सलीम ने आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया नि स्वार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का जन्मदिन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था निस्वार्थ सेवा संस्थान ने एक बार फिर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर संस्था ने बागला जिला अस्पताल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सुनील अग्रवाल हर वर्ष अपने जन्मदिन को किसी भव्य समारोह के बजाय जरूरतमंदों को रक्त दान करके मनाते हैं, जो उनके निस्वार्थ सेवा भाव प्रस्तुत करता है। उनकी यह प्रेरणादायी परंपरा अब संस्था का अभियान बन चुकी है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करते हैं। इसके पश्चात दोपहर के समय आगरा रोड स्थित वृद्धाश्रम में भी जाकर सभी बुजुर्गों के साथ जन्मदिन मनाया गया



एवं सभी को मिष्ठान, फल और जरूरी वस्तुएँ भेंट कीं

साथ ही शाम के वक्त गांधी तिराहा स्थित निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा संचालित रोटी बैंक पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। गरीब एवं जरुरतमंद लोगो के साथ केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया साथ ही उनके लिए उत्कृष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी सीए प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल, सह सचिव तरूण राघव, सह सचिव निश्कर्ष गर्ग, ध्रुव कोठीवाल, डॉ रंगेश शर्मा, सतेंद्र मोहन, विशाल सोनी, सुलभ गर्ग, सौरभ शर्मा, आलोक अग्रवाल, कनज सारस्वत, सुनील कुमार, आशीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम सदर को आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने यूपी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद के आह्वान पर बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार

हापुड़/जनपद में बिजली की बधाई व्यवस्था को लेकर चहुंओर त्राहिमाम त्राहिमाम मचा हुआ है। उद्यमियों के द्वारा भी बिजली की चरमराई व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को अपने कारखाने की चाबियां सौपने की चेतावनी दी जा चुकी है। लेकिन उसके उपरांत भी कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर हापुड़ जिले के कार्यकताओं ने एसडी एम हापुड़ सदर ईला प्रकाश को जिले में बिजली की बदहाल व्यवस्था एवं भीषण गर्मी में बिजली की कटौती तथा प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को दी जा रही महंगी बिजली के विरुद्ध एक ज्ञापन सौंपा गया।और मांग की गयी है कि प्रदेश सरकार बिजली के दाम बिल्कुल न बढ़ाये और उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध करायें। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता सी एम चौहान, जिला अध्यक्ष अनवर मलिक, वरिष्ठ नेता पंडित मनोज भारद्वाज, सीमा सागर, वीरेन्द्र पाल सिंह, इमरान खान, शकील अहमद, रोहताश, मेघराज ठाकुर, चांद, नीरज, दीपक, सुन्दरजीत, आकिल चौधरी, तेवतिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गेहूं के बोरों से ओवरलोड भारी महिंद्रा पिक-अप गाड़ी का टूटा एक्सल अनियंत्रित होकर पलटी टला बड़ा हादसा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़/थाना हापुड़ देहात क्षेत्र अंतर्गत देव नंदिनी अस्पताल के सामने फ्लाईओवर पर एक गेहूं के बोरों से ओवरलोड भारी महिंद्रा पिकअप गाड़ी एक्सल टूटने पर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर पर पलट गई। गमीनत रही की एक बड़ा हादसा होने से टल गया। चूंकि उस समय फ्लाईओवर से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने अपनी पुलिस टीम के साथ सड़क पर बिखरे गेहूं के बोरों को कड़ी मशक्कत कर




हटवाया। और गाड़ी के पलटने से बाधित हुए यातायात को हाइड्रा क्रेन मंगवाकर महिंद्रा पिकअप गाड़ी को फ्लाईओवर से हटवा कर यातायात को सुचारू कराया। बता दें कि बाबूगढ़ छावनी निवासी नाजिम अपनी महिंद्रा पिकअप गाड़ी में गेहूं के बोरे लादकर हापुड़ के भगवती गंज में स्थित गोयल धर्म कांटे पर जा रहा था। जैसे ही वह देवनदी अस्पताल के सामने फ्लाईओवर पर पहुंचा। तभी गाड़ी का एक्सल टूट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें किसी के भी घायल होने की कोई सूचना नहीं है। लेकिन घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपनी पुलिस टीम के साथ कड़ी मशक्कत कर सड़क पर बिखरे अनाज के बोरों को हटवाया। और हाइड्रा क्रेन मंगवा कर यातायात को तुरंत सुचारु कराया।

# नगर पंचायत गरुड़ के निमार्णाधीन भवन का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने नगर पंचायत गरुड़ के निमार्णाधीन कार्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया। एक करोड़ 81 लाख रुपए लागत से बन रहे भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गहनता से निरीक्षण किया। भवन निर्माण कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्यस्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री मानक अनुरूप होनी चाहिए और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी भटगांई ने सख्त निर्देश देते हुए भवन निर्माण के बाद भविष्य में सीलन या जल रिसाव जैसी कोई भी शिकायत आने और तकनीकी तौर पर लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि शासन की सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पुनः निरीक्षण में खामियाँ पाई जाती हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम प्रियंका रानी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती और संबंधित अधिकारी उपलब्ध रहे।

## बरेली में एक जुलाई से लागू होगा नया ट्रैफिक रूल

**बरेली।** अब शहर की सड़कों पर पहचान छुपाकर कोई भी सार्वजनिक वाहन नहीं चल सकेगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बरेली ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 1 जुलाई 2025 से ऑटो, ई-रिक्शा, ओला-उबर, टैक्सी, टेंपो और रैपिडो जैसे सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक की पहचान साफ-साफ प्रदर्शित होना अनिवार्य होगा। नए आदेश के तहत प्रत्येक वाहन में चालक का नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर या उसकी साफ फोटोकॉपी बड़े और पढ़ने योग्य अक्षरों में वाहन के अंदर चिपकानी होगी। यह कदम खास तौर पर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है, जिससे किसी घटना के बाद आरोपी की पहचान और तलाश आसान हो सके। 30 जून तक सभी चालकों को अपने वाहन में ये जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। 1 जुलाई से यदि कोई चालक नियम का पालन नहीं करता मिला, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम शोभा यात्रा 21 को, शोभा यात्रा की तैयारियां जोर शोर से



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** जिले में हर वर्ष की भांति निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा 21 जून को विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ निकाली जाएगी इस बार शोभायात्रा को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र के निजी सचिव सौरभ त्रिपाठी में बताया कि पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्रा 21 जून को धौलपुर पहुंचेंगे जहां सर्किट हाउस में आमजन और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे इसके बाद शाम 4 बजे परशुराम सेवा सदन पहुंचकर भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे इस बार निकलने वाली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा परशुराम सेवा सदन से शुरू होकर घंटाघर, हरदेव नगर,जगन चौराहा, सराय गजरा,पुराना डाकखाना, लाल बाजार, सब्जी मंडी, तोप तिराहा, संतर रोड, जीटी रोड से वाटर बॉक्स होते हुए परशुराम सेवा सदन पर ही महाआरती के बाद संपन्न होगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। परशुराम शोभा यात्रा समिति की तरफ से शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए पूरे जिले भर में परशुराम शोभा यात्रा समिति के संयोजक मुकेश हनुमानपुरा,संरक्षक किशनचंद शर्मा,पीसी बोहरा के नेतृत्व में टीम बनाकर जनसंपर्क किया जा रहा है।

## जहांगीरपुर नगर पंचायत द्वारा कॉलेज बस स्टैंड पर नल लगाने का कार्य शुभारम्भ



वेलकम इंडिया

**जहांगीरपुरः-** कस्बे के खुर्जा जेवर मार्ग बस स्टैंड अतर सिंह मार्ग पर एक प्राइवेट नल लोगों की प्यास बुझा रहा था लेकिन वह नल कुछ दिनों से खराब पड़ा था सही करने पर भी लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहा था वही कस्बे से विनय शर्मा ने वाटर कलरों एवं खराब पड़े नलों कि शिकायत की थी उसी को संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत जहांगीरपुर द्वारा पेयजल सुविधा का कार्य चल रहा है बुधवार को कस्बे के बस स्टैंड निकट नल लगाने का कार्य चालू हो गया है जोकि 150 फीट पर लगाया जा रहा है जिसका कार्य सभासद भाजपा नेता कुंवर सैन शर्मा व संजीव शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना विधि विधान के साथ कार्य का शुभारंभ कराया और बताया कि इस नल से व्यापारी एवं राहगीरों को स्वादिष्ट पेयजल मिलेगा और गर्मी से राहत मिलेगी और कस्बे के विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर नल लगाए जाएंगे जिनका कार्य प्रगति पर है।

# भाजपा प्रवक्ता नेहा धवन के आवास पर सह भोज पर पहुंचे ज़िला प्रभारी दीपक शर्मा व ज़िला अध्यक्ष अशोक सैनी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हांसी की वरिष्ठ भाजपा नेत्री व प्रदेश की प्रवक्ता एडवोकेट नेहा धवन के आवास पर आज परिवार के सदस्यों से मिलने पहुंचे हांसी जिला के जिला प्रभारी दीपक शर्मा व जिला अध्यक्ष अशोक सैनी। नेहा धवन ने बताया भाजपा संगठन का मूल सिद्धांत है कार्यकताओं के परिवार के साथ जुड़ना। पंचकूला से सम्बन्ध रखने वाले दीपक शर्मा हांसी जिले के तीन दिन के प्रवास पर हांसी आए हुए हैं। यहां वह संगठनात्मक आयोजनों व कार्यकताओं से रूबरू हो रहे हैं। इसी प्रवास के दौरान आज उनका सुबह का भोजन प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन जी के यहां रहा। इस सह भोज पर उन्होंने परिवार के सदस्यों व सभी मिलने वालों से संपर्क किया। इस अवसर पर हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी जी भी उपस्थित रहे। दीपक शर्मा व अशोक सैनी का स्वागत एवं सम्मान नेहा धवन, मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा,शुभम धवन, अर्चना कौर, संतोष, दुर्गा देवी, पूनम, सुनीता,अंजू, सोनिका, गरिमा, टीना, राज कुमार जांगडा, दौलत, राहुल अरोड़ा, अनिल ग्रोवर, अमन ने किया। एडवोकेट नेहा धवन ने बताया कि कल से संकल्प से सिद्धि - मोदी जी के 11 वर्ष बेमिसाल की जन सभा में सोराखी मंडल के जमावड़ी गांव में और अटल मंडल के दयाल सिंह कॉलोनी की जन सभा में जनता से मोदी जी के 11 वर्षों के कार्यों, उपलब्धियों के बारे में संबोधित किया। दीपक शर्मा ने बताया कि भाजपा संगठन की नींव इसलिए मजबूत है क्योंकि यहां कार्यकर्ता एक परिवार की तरह है। आपसी संबंध बहुत मजबूत इसलिए संगठन मजबूत है।

## ऑटो टेंपो से अवैध वसूली की शिकायत पर थाना राजाखेड़ा ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान।** ऑटो टेम्पो से अबैध वसूली की शिकायत थाना पर प्राप्त होने पर दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा आईपीएस व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में ऑटो टेम्पो से अबैध वसूली के आरोप में दो व्यक्तियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना राजाखेडा द्वारा 2 लोगो को शान्तिभंग में किया गिरफतार। दिनाकं 17.06.2025 को दो लोगो के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ऑटो टेम्पो से कस्बा राजाखेडा में अबैध वसूली कर रहे है। उक्त व्यक्तियों के वारे में जानकारी की गई तो दोनो व्यक्तियों की पहिचान रमेश पुत्र हरिकिशोर पंडित निवासी वार्ड नं. 28 राजाखेडा थाना राजाखेडा जिला धौलपुर व विजेन्द्रसिहं पुत्र जगदीशप्रसाद ठाकुर निवासी वार्ड नं. 35 राजाखेडा थाना राजाखेडा जिला धौलपुर के रूप में हुई। जिनको अबैध वसूली के आरोप में इलाका हाजा में शान्ति भंग के अंदेशा को मध्यनजर रखते हुए मन रामकिशन यादव पु०नि० थानाधिकारी थाना राजाखेडा के नेतृत्व में इलाका थाना में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु शान्ति भंग में गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनो व्यक्तियों को दिनाकं 28.04.2025 को पूर्व में भी ऑटो टेम्पो से अबैध वसूली करते हुए गिरफ्तार किया जा चुका है। जिनके विरूद्ध एसडीएम कार्यालय राजाखेडा में धारा 141 वीएनएसएस के अन्तर्गत इस्तगासा पेश किया गया है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदर अस्पताल स्थित टीबी इकाई का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सदर स्थित टीबी इकाई का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध जांचों और उपकरणों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लैब एसिस्टेंट और सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर से बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीबी उन्मूलन सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। शहर में टीबी स्क्रीनिंग का अभियान चल रहा है, जिसे लेकर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि टीबी के संभावित रोगियों की पहचान कर उनकी जांच कराई जाए और जांच पॉजिटिव आने पर इलाज शुरू किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में जानकारी देनी चाहिए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। लोगों को बताना चाहिए कि टीबी की जांच और इलाज निःशुल्क है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टीबी के मरीजों को इलाज के दौरान पोषण के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत 1000 रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा निक्षय मित्र भी टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषणात्मक और भावनात्मक सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों को निक्षय मित्र का उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

# व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा नया प्रोत्साहन - जिलाधिकारी ने ली जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा समाधान हेतु निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में व्यापारिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जनपद में ऊन उद्योग को सुदृढ़ करने हेतु ॥ऊन बैंक॥ की स्थापना का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश उद्योग महाप्रबंधक को दिए ।बैठक में एकल खिड़की पोर्टल से प्राप्त कुल नौ व्यावसायिक प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिनमें सोलर प्लांट (05), इलेक्ट्रॉनिक निर्माण (01), पैथोलॉजी लैब (01) और होटल (01) से संबंधित प्रस्ताव शामिल थे। विस्तृत चर्चा के उपरांत लगभग ?5 करोड़ लागत के आठ प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया ।साथ ही उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति के अंतर्गत ब्याज प्रोत्साहन सहायता योजना के अंतर्गत 03 इकाइयों को कुल ?3,34,565 की राशि के ब्याज उपादान दावे स्वीकृत किए गए ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नव्याल, उद्योग महाप्रबंधक चंद्र मोहन, प्रबंधक अमित रावत सहित अन्य अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## आए दिन लगने वाले जाम से जूझ रहे लोग



वेलकम इंडिया

पहासू/बुलंदशहर/पहासू के मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। नगर में यातायात व्यस्था का पूरी तरह चरमराई हुई है। सबसे ज्यादा बुरी हालत अलीगढ़ अड्डे से शिकारपुर रोड की हो रही है। पुलिस चौकी से महज 20 मीटर दूर दिन भर लगने वाले जाम के कारण मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को पांच मिनट के सफर के लिए आधा घन्टे से भी अधिक का समय लग जाता है। इस मार्ग पर कई बार सरकारी वाहन तथा एम्बुलेंस फंस चुकी हैं। कस्बे से तहसील मुख्यालय शिकारपुर जाने के लिए एकमात्र सड़क मार्ग पर दुकानदारों ने सड़क के किनारे बने नाले को पाटकर कब्जा कर रखा है। हालात इतने खराब हैं कि दोपहिया वाहन तथा साइकिल सवार के साथ पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर पंचायत की ओर से कई बार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर दुकानदारों तथा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देकर जुमार्ना भी लगाया गया लेकिन एक दो हफ्ते बाद हालात ज्यो के त्यों हो जाते हैं। अलीगढ़ अड्डा पहासू का व्यस्ततम इलाका है। कभी कभार कोई पुलिसकर्मी यहाँ खड़ा दिखाई देता है वह भी जब यहां कोई वीआईपी मूवमेंट की खबर हो। जाम के कारण सड़क से गुजरने वाले वाहनों के साथ साथ पैदल चलने वाले लोगों तथा बुजुर्गों को काफी परेशानी होती है।

## मथुरा रेडियो से डॉ. गोपाल चतुवेर्दी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 20 जून को

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** नगर के प्रख्यात अध्यात्मविद व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से 20 जून 2025 को प्रातः 09:45 बजे से किया जाएगा।

इस विषय में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. देवेंद्र सारस्वत एवं कार्यक्रम निष्पादक ओपी सिंह ने बताया है कि ₹ब्रज संस्कृति की अमूल्य धरोहर : योग सम्राट देवरहा बाबा₹ विषय पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 20 जून 2025 को प्रातः 09:45 बजे से केंद्र द्वारा किया जाएगा ।यह हिन्दी वार्ता 12 मिनट की होगी ।जिसे सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं। ज्ञात हो कि आगामी 22 जून 2025 को योग सम्राट ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा की 35 वीं पुण्यतिथि है ।इस अवसर पर यमुना पार स्थित उनके समाधि स्थल आश्रम में 21 से 23 जून पर्यंत अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नगर निगम द्वारा विभिन्न जोनों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेशानुसार बुधवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न जोनों में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और पार्किंग स्थलों से अवैध अतिक्रमण को हटाकर नागरिकों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना है। जोनल अधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में जोन-4 के अंतर्गत विराज खंड स्थित मुख्य मार्ग, पार्किंग स्थल तथा प्लॉट नंबर उढ-207 से उढ-230 तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना विभूतिखंड की पुलिस टीम और नगर निगम के प्रवर्तन दल 296 के सहयोग से अवैध रूप से लगाए गए ठेले, गुमटी, झुग्गी, खुमचा आदि हटाए गए। मुख्य सड़क पर सब्जी मंडी लगाकर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। जब्त की गई सामग्री में ठेले, गुमटी और लोहे के काउंटर शामिल हैं। साथ ही स्थल की साफ-सफाई जेसीबी और टीपर की सहायता से सुनिश्चित की गई। नगर आयुक्त के आदेश पर जोन-7 के अधिकारी के नेतृत्व में मुशीपुलिया और शक्तिनगर क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई। शक्तिनगर में चार स्थानों से नाले के रैम्प को तोड़ा गया और मुशीपुलिया क्षेत्र से 2 लोहे के काउंटर, 3 ठेले, 4 ठेलिया, 2 गुमटी हटाई गई। स्थानीय दुकानदारों और अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। अभियान में वरिष्ठ नगर अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, राजस्व निरीक्षक और एळक्र की टीम उपस्थित रही। वार्ड राजा बाजार, जोन-2 के अंतर्गत मेडिकल चौराहा से लेकर ट्रॉमा सेंटर, नक्खास चौराहा व नादान महल रोड तक सड़कों के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को हटाया गया।

# सरकारी जमीन पर कब्जा हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किये जाने का एक उद्यमी पर आरोप लगाते हुए कब्जा हटाने की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया ओर एसडीएम निखिल चक्रवर्ती व एसीपी ज्ञान प्रकाश राय को ज्ञापन सौंपा। वार्ड-19 के सभासद प्रवीण गुर्जर के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक सभासदो व उनके समर्थकों की ओर से तहसील पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वार्ड संख्या 19 ग्राम सीकरी खुर्द स्थित खसरा संख्या 193/2, 193/3, 194, 195, 364, 365, 366, 367 आदि पर एक उद्यमी की ओर से कब्जा किया जा रहा है,जब कि उक्त भूमि सरकारी/एलेक्ट्रीफिकेशन प्रयोजन के लिए सुरक्षित है। इन कब्जों से क्षेत्र की आम जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने तहसील के एसडीएम को दिये गये ज्ञापन में अवैध कब्जों को तत्काल हटवाने की माँग की । ज्ञापन में गोविंद कुमार गुप्ता व दीपक कुमार गुप्ता पर फर्जी तरीके से कब्जा किये जाने का आरोप लगाया। सभासदों ने उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से श्रीमती प्रवीण जाटव,सभासद प्रवीण गुर्जर, पीतम सैनी,गुलाब सिंह, नरेंद्र मोनू,धर्मवीर सिंह,पप्पन शर्मा तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# योग सप्ताह कैंप में योग के लाभों से कराया अवगत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में योग सप्ताह कैंप 15 जून से सुचारू रूप से चल रहा है। तथा यह योग सप्ताह शिविर 21 जून 2025 तक चलेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने योग सप्ताह शिविर में आज सभी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। तथा उनका निरीक्षण किया। उन्होंने योग के लाभों से अवगत कराया व बताया कि योग के कई लाभ हैं। जिनमें शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण शामिल है। नियमित योग अभ्यास से शारीरिक शक्ति और लचीलापन बढ़ता है। तनाव कम होता है। एकाग्रता में सुधार होता है। और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इसके अतिरिक्त योग हृदय स्वास्थ्य रक्तचाप और नींद की गुणवत्ता में भी सुधार कर सकता है। योग गुरु श्री प्रमोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को विधिवत रूप से योग कराया। इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, सुनील कुमार शर्मा, राम कुमार शर्मा, सुमित कुमार ,मोहम्मद ताज, मोहम्मद अशफाक ,श्रीमती हेमलता शर्मा ,श्रीमती वर्षा , शिव कुमार ,सचिन कुमार रिंकेश वर्मा ,सुनील चौधरी, दिनेश बाबू ,राजेश ,दयाचंद राजवीर ,नागेंद्र ,शोभा आदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ.मनोज कामदेव के दोहा संग्रह एक लिफाफा धूप की समीक्षात्मक चर्चा



डॉ.शंभू पंवार

**नई दिल्ली।** 18 जून ।राजधानी की हिन्दी साहित्य बहुउद्देशीय संस्थान के तत्वाधान आभाषी रूप से प्रसिद्ध दोहाकार डॉ मनोज कामदेव के दोहा संग्रह ₹एक लिफाफा धूप₹ पर समीक्षात्मक चर्चा हुई। जिसमें ख्यातिनाम साहित्यकारो ने सहभागिता की। आयोजक एवं संस्था की प्रमुख डॉ.नूतन नवल शर्मा ने डॉ.मनोज कामदेव जी के दोहा संग्रह ₹एक लिफाफा धूप₹ को अनमोल कृति बताया। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत ने मनोज जी के दोहे मां आंगन में है खड़ी,बनके सुख की भोर। सोचेगा सौ बार दुख,आने को इस ओर। की बहुत सुंदर तरीके से व्याख्या कर खूब दाद बटोरी ।उमा वैष्णव जी ने मनोज की पुस्तक पर अपने एक सुंदर दोहे, दोहा संग्रह आपका ,सुनकर हम हैं चुप ।सुन्दर दोहों से सजी,एक लिफाफा धूप ।की प्रस्तुति कर संग्रह की समीक्षा की। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.दमयंती ने दोहा संग्रह के कुछ दोहे मधुर वाणी में गाकर और उन्हें समझाकर समा बांध दिया। वहीं तिहाड़ जेल के सीनियर सुप्रिटेंडेंट अजय भाटिया ने पुस्तक को बारीकी से पढ़ा और महत्वपूर्ण बातें कहीं।

# सीडीओ ने निर्धारित प्रारूप पर सूचनायें न भेजने पर समस्त बीडीओ को स्पष्टीकरण का दिया निर्देश

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



दिनांक 18 जून 2025 प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन सभागार में पेयजल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीडीओ ने पेयजल के सम्बन्ध में पिछली बैठक में दिये गये निदेर्शों और उसके अनुपालन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में पाया गया कि इण्डिया मार्का हैण्डपम्प के रिबोर एवं मरम्मत के कार्यो को कराये जाने से गर्मी के दृष्टिगत आम जनमानस की पानी की समस्या दूर हुई जिस पर सन्तुष्टि व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि हैण्डपम्पों की जांच करा ली जाये तथा जो भी अवशेष हैण्डपम्प रिबोर एवं मरम्मत योग्य है उन्हें जल्द से जल्दा करा लिया जाये। उन्होने कहा कि हैण्डपम्प के मरम्मत एवं रिबोर के सम्बन्ध में जो भी जनसामान्य द्वारा जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हो उसकी जांच कराकर यथाशीघ्र मरम्मत/रिबोर का कार्य कराया जाये। उन्होने कहा कि यदि हैण्डमप के रिबोर एवं मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में निर्धारित प्रारूप पर सूचनायें न भेजने पर सीडीओ ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया

## रेलवे ट्रैक के पास मिला पुराना मोर्टार बम, इलाके में मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रामगंगा इलाके में मंगलवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब मजदूरों को खुदाई के दौरान मिट्टी में दबा एक मोर्टार बम मिला। घटना रात करीब एक बजे की है, जब रेलवे ट्रैक के किनारे मिट्टी भराई का काम चल रहा था। जमीन की खुदाई करते वक्त मजदूरों की नजर जैसे ही बम पर पड़ी, वह काम छोड़कर भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेर लिया। सुरक्षा के मद्देनजर आर्मी की बम निरोधक टीम को बुलाया गया। टीम ने बम को कब्जे में लेकर सुरक्षित तरीके से डिस्पोज कर दिया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि यह बम काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। इससे पहले भी इसी क्षेत्र से अंग्रेजी हुकूमत के समय का एक बम बरामद हो चुका है। आशंका जताई जा रही है कि यह बम भी उसी काल का हो सकता है। सीओ अजय कुमार ने बताया कि मोर्टार बम को आर्मी की मदद से निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब यह जांच की जा रही है कि कहीं आसपास और विस्फोटक सामग्री तो नहीं छिपी हुई है। फिलहाल पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। घटना के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस और प्रशासन की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक इलाके में चौकसी बरती जाएगी।

## देवरनियां में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, गोली लगने से एक बदमाश घायल, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** देवरनियां थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि दो अन्य को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तीनों शातिर चोर बताए जा रहे हैं। उनके कब्जे से चोरी का सामान, तमंचा और चाकू बरामद हुआ है। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह के मुताबिक, रिछा चौकी क्षेत्र में मंगलवार रात करीब एक बजे देवरनियां पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन संदिग्ध युवक वहां से गुजर रहे थे जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश जिसका नाम दानिश है के पैर में गोली लग गई।

# डंकी रूट से कबूतरबाजी: 100 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**पीलीभीत।** पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने डंकी रूट से विदेश भेजने वाले आईएलटीएस कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पीलीभीत पुलिस ने अब तक 177 मामलों में से 100 मुकदमों में आरोप पत्र दाखिल कर दिए हैं, बाकी मामलों की विवेचना जारी है। इन मुकदमों में देश के कई राज्यों के साथ-साथ लंदन, कनाडा, इटली और अन्य देशों में बैठे 400 से ज्यादा कबूतरबाज आरोपियों को नामजद किया गया है। इन पर अवैध रूप से लोगों को विदेश भेजने, धोखाधड़ी और मानव तस्करी जैसे संगीन आरोप लगे हैं। आईएलटीएस सेंटर की आड़ में शिक्षा और वीजा के नाम पर बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये वसूले गए। युवाओं को अमेरिका, कनाडा, इटली आदि देशों में बेहतर भविष्य का सपना दिखाया गया और फिर डंकी रूट ( अवैध रास्तों ) के जरिए भेजा गया। दिसंबर 2024 के बाद इस गिरोह की गतिविधियों में जबरदस्त तेजी देखी गई थी। जिले भर में संचालित आईएलटीएस संस्थानों में सबसे बदनाम नाम जुपिटर का रहा। इस एक संस्थान के खिलाफ कुल 52 मुकदमे दर्ज किए गए। पूरनपुर, गजरौला, घुघचाई, माधोटांडा, अमरिया, जहानाबाद, कोतवाली, सुनगढ़ी और न्यूरिया थानों में कुल 177 मामले दर्ज हुए थे। इन मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल ( एसआईटी ) गठित की गई थी, जिसमें कुल छह विवेचक लगाए गए।

# छाया स्कूल के ईशान शर्मा ने नीट परीक्षा पास कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नीट परीक्षा में जोरदार प्रदर्शन करने वाले ईशान शर्मा जिनका सरकारी मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ है उनके सम्मान में विद्यालय द्वारा आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा ईशान को माला पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया कि ईशान शर्मा पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी सदैव आगे रहा है विलक्षण प्रतिभा के धनी ईशान शिक्षा व संस्कारों से परिपूर्ण है ईशान के पिता डॉ नीरज शर्मा व माता डॉ शिखा मोदीनगर शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर हैं ईशान कि कामयाबी पर सांसद राजकुमार सागवान, विधायक डॉ मंजू सिवाच, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली डॉ अनिल त्यागी सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उनको बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विद्युत कटौती और लो वोल्टेज से जनता है परेशान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भीषण गर्मी के बाद पूरे जिले में विद्युत की सप्लाई बाधित हो गई है। लो वोल्टेज और बार-बार कटौती से इस गर्मी में आम जनता परेशान हो गई है। बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार काफी बजट विद्युत उपकेंद्र के यन्त्रों विद्युत तार और खंबे आदि बदलवाने पर खर्च करती है।

लेकिन उसके बाद बिजली की व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है। विद्युत के लो वोल्टेज के चलते पंखे कूलर ठीक से नहीं चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहे हैं। शिकायत के बाद भी विद्युत अधिकारी लो वोल्टेज और बार-बार की कटौती से निजात दिलाने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। जिससे विभागीय व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रतिदिन यही स्थिति बनी हुई है। जिससे आम जनता का आक्रोश विद्युत विभाग के प्रति दिनों दिन बढ़ता जा रहा है यदि समय रहते विभाग के अधिकारियों ने विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जल्द निजात नहीं दिलाया तो आम जनता का गुस्सा सड़क पर उतर सकता है।

# सपा अल्पसंख्यक सभा में नेताओं ने भरी हुंकार कहा 2027 में प्रदेश में होगी सपा की सरकार

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक सभा की एक आवश्यक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता मौलाना इकबाल कादरी व संचालन यामीन खान ने किया।

सभा के मुख्य अतिथि सपा॰ अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रहे। सभा में आगामी 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई जिसमें वक्ताओं ने प्रदेश में भाजपा॰शासन में दलित व अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की कढ़े शब्दों में निंदा की वहीं सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व मौलाना इकबाल कादरी ने कहा कि प्रदेश में चारों तरफ गुंडाराज कायम है। कब किसके घर,दुकान, फैक्ट्री, इबादतगाह व ऑफिस को बुलडोजरों से विशमार कर दिया जाए पता ही नहीं चलता कब किस व्यवसाई राहगीर को सड़क पर रोक कर पीटना शुरू कर दे और प्रदेश की पुलिस मूकदर्शक बनकर सरकार के पाले हुए इन नुमाइंदों की गैर कानूनी हरकतों को आंखे मूंदकर देखती रहती है। इन नुमाइंदों को कानून हाथ में लेने की प्रदेश सरकार की ओर से पूरी छूट प्राप्त है। जिससे चारों तरफ दबंगई व गुंडाराज कायम है। आगामी प्रदेश के विधान सभा चुनाव में जनता इन सभी जुल्मों का हिसाब सपा॰के हक में वोटिंग कर माननीय अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री निर्वाचित करेंगी जो कि प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए दलित,कमजोर वर्ग व अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे।



# वार्ड 58 में विकास की रफ्तार तेज, कार्यों का किया भूमि पूजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए एक और बड़ी पहल की शुरूआत कर दी है। बुधवार को वार्ड नंबर 58 के अंतर्गत आने वाले गांव मवई में विधायक निधि से स्वीकृत इंटरलॉकिंग टाइल्स व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

यह निर्माण तेजस के मकान से लेकर देवकीनंदन के मकान तक कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की यह श्रृंखला शहर के प्रत्येक कोने तक पहुंचेगी। जनता ने हमें जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसका परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गाजियाबाद में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए हर वार्ड में काम तेजी से चल रहा है। कार्य का शुभारंभ होते ही गांव मवई के निवासियों ने विधायक का स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। वर्षों से बदहाल पड़ी गलियों और जलनिकासी की समस्या अब समाधान की ओर बढ़ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अब यह इलाका भी साफ-सुथरा और सुरक्षित बनेगा। यह कार्य पूरी तरह विधायक निधि से किया जा रहा है और निर्माण में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समयबद्ध और टिकाऊ हो, जिससे जनता को लंबे समय तक लाभ मिले। विधायक ने यह भी घोषणा की कि आने वाले महीनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के सड़क, नाली, टाइल्स और जलनिकासी के काम युद्धस्तर पर शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है, गाजियाबाद में विकास की गति अब और तेज होगी।

> यह निर्माण तेजस के मकान से लेकर देवकीनंदन के मकान तक कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। विधायक ने यह भी घोषणा की कि आने वाले महीनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के सड़क, नाली, टाइल्स और जलनिकासी के काम युद्धस्तर पर शुरू किए जाएंगे।



# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले आरपी एवं अर्पित चड्ढा

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** शिक्षा जगत से जुड़ा एक गरिमामयी क्षण उस समय सामने आया जब आई.टी.एस. द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी से औपचारिक रूप से भेंट की। इस भेंट के दौरान न केवल शिक्षा की दिशा और दशा पर गंभीर संवाद हुआ, बल्कि भावी योजनाओं और नवाचारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मुलाकात का प्रमुख उद्देश्य आई.टी.एस. ग्रुप के संस्थापक पूज्य के.एल. चड्ढा की स्मृति में प्रारंभ की जा रही व्याख्यान श्रृंखला हेतु पूर्व राष्ट्रपति को आमंत्रित करना था। इस अवसर पर ग्रुप चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने संस्था की विरासत और मूल्यों को साझा किया। अर्पित चड्ढा ने बताया कि संस्था द्वारा डिजिटल लर्निंग, नई तकनीक, स्किल डेवेलपमेंट, और इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था ने आईआईटी मंडी, आईआईएम जम्मू, आईआईएम रांची और आईआईएम उदयपुर जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता वाली, रोजगारपरक शिक्षा को साकार रूप दिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि आई.टी.एस. जैसे संस्थान आज की शिक्षा व्यवस्था में एक नई ऊर्जा और दृष्टि ला रहे हैं। यहां शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का माध्यम बन रही है। उन्होंने संस्था की नैतिक मूल्यों और समग्र विकास पर आधारित दृष्टिकोण की प्रशंसा की। श्री चड्ढा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेता तैयार करना है। शिक्षा का असली उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सशक्त नेतृत्व, सतत नवाचार, और मूल्य-आधारित शिक्षा ही भारत को शैक्षिक महाशक्ति बना सकते हैं।

# लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा महानगर अध्यक्ष प्रतीक अमर शर्मा ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शंकर मिश्रा से की शिष्टाचार मुलाकात



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोकजन शक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा महानगर अध्यक्ष प्रतीक अमर शर्मा ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शंकर मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतीक अमर शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष शंकर मिश्रा का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

# कार का शीशा तोड़कर बदमाशों ने उड़ाया लैपटॉप और नकदी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर भीतर रखा बैग चोरी कर लिया। घटना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-6 स्थित मंडे मार्केट के पास हुई, जहां बाजार में खरीदारी करने आए वसुंधरा सेक्टर-12 निवासी मनीष कुमार की कार को बदमाशों ने निशाना बनाया। मनीष कुमार ने बताया कि वह 16 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे मंडे मार्केट में खरीदारी करने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी कार गुरुद्वारा वाली रोड पर खड़ी की थी और जब कुछ देर बाद लौटे तो कार का शीशा टूटा मिला और अंदर रखा बैग गायब था। चोरी हुए बैग में एक कीमती लैपटॉप, 34 हजार रुपये नकद, मोबाइल चार्जर, इयरफोन, कैलकुलेटर और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। पीड़ित ने तत्काल इंदिरापुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया है।

# नवयुग मार्किट में गृहकर विसंगति पर सख्त हुईं महापौर, सभी भवनों की दोबारा पैमाइश के आदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्किट में गृहकर को लेकर सामने आई विसंगतियों पर महापौर सुनीता दयाल ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम के अधिकारियों को 145 व्यवसायिक व मिश्रित उपयोग वाले भवनों की दोबारा ईमानदारी से पैमाइश कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाया गया है जिसमें समान क्षेत्रफल और उपयोग वाले भवनों पर अलग-अलग हाउस टैक्स लगाए जाने की बात सामने आई थी। महापौर के समक्ष प्रस्तुत शिकायत के अनुसार, 155 गज के करीब 145 भवनों में एक जैसे प्लॉट और फ्लोर होते हुए भी गृहकर में भारी अंतर पाया गया। इसे शहरी विकास और निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ मानते हुए उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और स्थानीय जोनल प्रभारी के साथ बैठक कर तुरंत पुनः सर्वेक्षण (पैमाइश) का आदेश जारी किया। महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट किया कि शहरहित और जनहित में पारदर्शिता पहली प्राथमिकता है। समान प्लॉट पर टैक्स में भिन्नता अस्वीकार्य है। सभी जोनल प्रभारी अपने क्षेत्रों में ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कराएं। उन्होंने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अगर निगम अधिकारी या कर्मचारी रजिस्ट्री, नक्शा या अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि मांगे, तो नागरिक स्वेच्छा से यह दस्तावेज प्रदान कर पारदर्शी कर निर्धारण में मदद करें। इस निर्देश के साथ-साथ महापौर ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में गृहकर विवादों से बचने के लिए कर निर्धारण प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे हर नागरिक को समान और न्यायसंगत कर निर्धारण प्राप्त हो।



# वेव सिटी के 6 हजार घरों पर पहली बार लगा गृहकर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद ने पहली बार वेव सिटी की छह हजार से अधिक संपत्तियों पर गृहकर (हाउस टैक्स) थोपते हुए उनके बिल जारी कर दिए हैं, जिससे निवासियों और पार्षदों के बीच नाराजगी की लहर दौड़ गई है। निगम का कहना है कि यह फैसला शासन के आदेश के तहत लिया गया है, जबकि पार्षदों ने इस पर तत्काल बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। नगर निगम के कविनगर जोन ने सर्वेक्षण के बाद पाया कि वेव सिटी की करीब साढ़े सात हजार संपत्तियों में लोग रह रहे हैं, जिनमें से 6,000 घरों को गृहकर के बिल भेजे जा चुके हैं। बाकी करीब 1,500 संपत्तियों पर भी जल्द टैक्स लगाया जाएगा। अब तक वेव सिटी को गृहकर से मुक्त माना जा रहा था क्योंकि यह एक इंटीग्रेटेड टाउनशिप है। डेवलपर की ओर से शासन को सूचित किया गया था कि पूरी टाउनशिप के विकसित होने के बाद ही कर निर्धारण किया जाए। लेकिन हाल ही में शासन की ओर से स्पष्ट आदेश जारी हुए कि वेव सिटी से भी अन्य आवासीय क्षेत्रों की तरह गृहकर वसूला जाए। इस फैसले के विरोध में बुधवार को कई पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय में बैठक की और महापौर सुनीता दयाल के नाम पत्र लिखकर तत्काल बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की। पार्षद अमित त्यागी ने कहा कि नगर निगम ने गृहकर में अत्यधिक बढ़ोतरी की है और इससे आम नागरिकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम महापौर से मिलकर इस पर चर्चा करने और समाधान निकालने की मांग करेंगे।

# पार्षदों ने की तत्काल बोर्ड बैठक बुलाने की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में अचानक दो से चार गुना तक की गई वृद्धि के खिलाफ आज नगर निगम पार्षद कक्ष में बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस विषय को लेकर सभी दलों के लगभग 80 से अधिक पार्षदों ने सामूहिक रूप से एकजुट होकर महापौर सुनीता दयाल जी को पत्र सौंपने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में पार्षदों ने स्पष्ट आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन ने बिना बोर्ड बैठक, बिना चर्चा और पार्षदों की सहमति के हाउस टैक्स में कई गुना वृद्धि कर दी है, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और आमजन विरोधी निर्णय है। इस निर्णय से शहरवासियों में व्यापक आक्रोश है। पार्षदों ने इस वृद्धि को तुरंत प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है और कल नगर निगम सभागार में महापौर सुनीता दयाल को पत्र सौंपकर अविलंब बोर्ड बैठक बुलाने का आग्रह किया जाएगा, ताकि टैक्स वृद्धि पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा हो सके और आम जनता को राहत दी जा सके। चर्चा में मुख्य रूप से पार्षद अमित त्यागी, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, मनोज गोयल, मनोज त्यागी, शीतल चौधरी, पूनम सिंह, ओमप्रकाश, संतोष सिंह, पप्पू नागर, ओमवीर चौधरी सहित अन्य कई पार्षद उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह वृद्धि वापस ली जानी चाहिए, क्योंकि इससे आम आदमी की जेब पर अनावश्यक बोझ डाला गया है। पार्षदों का कहना है कि टैक्स बढ़ाने से पहले जनता को विश्वास में लेना चाहिए था और पार्षदों के माध्यम से उनकी राय ली जानी चाहिए थी। बिना चर्चा और मंजूरी के लिया गया यह निर्णय निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है।



# मोदी सरकार के 11 साल: विकास, सुशासन और विश्वास की मिसाल: सरदार एस.पी. सिंह

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल बताते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि देश ने हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। वे यह वक्तव्य डॉ. सुभाष गुप्ता के आवास पर आयोजित कविनगर मंडल के शक्ति केंद्र 6 की बैठक में बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए, देश की जनता को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और यह हर भारतीय के गर्व का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार, कमजोर प्रशासन और अव्यवस्था से जूझ रहा था, लेकिन आज आम नागरिक सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली और योजनाओं से संतुष्ट और आश्वस्त है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार ने गाँव-गाँव तक जल, सड़क, नल, शौचालय और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुँचाकर ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल दी है। यह सब कुछ देश की जनता के एक-एक वोट से संभव हुआ है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, इंद्रमणि अग्रवाल, पूर्व पार्षद साहिब सिंह सिरोही, डॉ. महेश अग्रवाल, डॉ. सुभाष गुप्ता, जेपी गौड़, एपी त्यागी, जेपी शिशौदिया, सुरेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अनिल जिंदल, एसबी सिंह, एसएस त्यागी समेत अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बाल संरक्षण ग्रह में हुई टीबी स्क्रीनिंग

वेलकम इंडिया

- जनपद में 30 जून तक चलाया जा रहा है टीबी स्क्रीनिंग अभियान
- झुग्गी, बस्तियों, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, मधुमेह पीड़ितों व धूम्रपान व अन्य नशा करने वालों पर होगा फोकस

**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की बेसहारा, झुग्गी, मलिन बस्ती आदि में रहने वाले व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग करने के लिए 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सोमवार को बाल संरक्षण गृह मेंरह रहे बच्चों व किशोर-किशोरियों की टीबी स्क्रीनिंग की गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ब्रज मोहन ने बताया कि इस अभियान को शासन के निदेर्शानुसार ₹100 दिवसीय सघन टीबी अभियान₹ के विस्तारीकरण के तहत चलाया जा रहा है। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम के निर्देशन में जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक व एनटीईपी स्टाफ को निर्देशित किया जा चुका है। अभियान से संबंधित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का अपडेटेड माइक्रोप्लान भी शेयर किया जा चुका है। डीटीओ ने बताया कि 30 जून तक चलने वाले अभियान में बेसहारा, झुग्गी, मलिन बस्ती आदि में रहने वाले व्यक्तियों में प्राथमिकता के आधार पर अभियान के दौरान टीबी स्क्रीनिंग करायी जानी है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम समस्त बेसहारा, झुग्गी, मलिन बस्ती, अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, सब्जी मण्डी, फल मण्डी, लेबर मार्केट, निमार्णाधीन प्रोजेक्ट, ईट भट्टे, स्टोन क्रेशर, खदान आदि स्थानों पर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान टीम 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान, शराब एवं नशा करने वाले लोगों, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्तियों, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगियों, एचआईवी ग्रसित व्यक्ति आदि की टीबी स्क्रीनिंग करेंगी। डीटीओ ने जनपद के समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों को दो सप्ताह से अधिक से खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ होना, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान होना, गर्दन में गिल्टी/गांठे और कोई अन्य लक्षण हों तो वह तुरंत स्वास्थ्य विभाग की टीम को बताएं और अपनी टीबी की स्क्रीनिंग कराएं। डीटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सेवा संस्था आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे वह लोगों को जागरुक कर सकें। इसके अतिरिक्त जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, निक्षय मित्रों, टीबी विजेता, धर्मगुरूओं, आईएपी, आईएमए के पदाधिकारी एंव अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वीडियों संदेश व अपील को सोशल मीडिया पर साझा करके भी लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

डीटीओ ने बताया कि अभियान के दौरान स्क्रीनिंग में पाये गये सम्भावित क्षय रोगियों की एक्सरे और नैट जांच करायी जाएगी। क्षय रोग की पुष्टि होने के बाद उनका उपचार किया जाएगा।

